www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 92.955g
चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 राजनीति पर असर डालने वाला कानून, मुस्लिम आधार पर राजनीति करने वाले दलों का सियासी वजूद खतरे में
7 दिन में ही बैकफुट पर ट्रम्प: 90 दिनों के लिए टैरिफ रोका 04

वर्ष :08 | अंक :289 | मुंबई, शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

# मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा भारत लाया गया

## दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर विशेष विमान की लैंडिंग; सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया

**एनआईए**

▶▶एनआई ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को सजा दिलाने के लिए कई सालों तक लगातार कोशिशें करने के बाद गुरुवार को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर लिया गया।

एजेंसी

नई दिल्ली, 2008 मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत ला रहा विमान दिल्ली में लैंड कर गया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक अमेरिकी गल्फस्ट्रीम 550 विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ है। यहां से राणा को सीधे नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा। एनआइए हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि, उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी की एक जॉइंट टीम राणा को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है। पेशी से पहले उसका मेडिकल टेस्ट किया जाएगा। तहव्वुर राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड रिचर्ड हेडली की गवाही के आधार पर तहव्वुर राणा को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण समझौते के तहत शुरू की गई कार्यवाही के तहत राणा को अमेरिका में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। राणा ने प्रत्यर्पण रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाए, लेकिन आखिरकार उसका प्रत्यर्पण हो गया। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट के यूएस स्काई मार्शल की सहायता से एनआईए ने पूरी प्रत्यर्पण प्रक्रिया के दौरान भारतीय खुफिया एजेंसियों और एनएसजी के साथ मिलकर काम किया। भारत के विदेश और गृह मंत्रालय ने भी इस पूरी प्रोसेस के दौरान अमेरिकी अधिकारियों के साथ समन्वय किया। दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया



**पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट से सभी मीडियाकर्मियों को हटाया**

तहव्वुर राणा की पेशी जज चंद्रजीत सिंह की कोर्ट में होगी। दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट परिसर से सभी मीडियाकर्मियों और आम लोगों को हटा दिया है। सीनियर वकील दयान कृष्णन और स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर नरेंद्र मान अदालत पहुंच गए हैं।

**दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। राणा ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था।

# गोली चलाए बिना हासिल किया जा सकता है लक्ष्यः राजनाथ सिंह

## राजनाथ बोले- उभरती हुई तकनीकें बदल रहीं इसका स्वरूप

राजनाथ सिंह ने नीलगिरी के वेलिंगटन में डिफेंस स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज के वार्षिक दिवस समारोह में भाग लेते हुए कहा कि वर्तमान में, प्रौद्योगिकी पहले की तरह भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को आगे बढ़ा रही है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती हुई प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण तरीकों से निरोध और युद्ध लड़ने में क्रांति ला रही हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध भूमि, समुद्र और हवा के पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर अंतरिक्ष, साइबर, पानी के नीचे और रचनात्मक प्रयास के नए क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजनाथ सिंह ने नीलगिरी के वेलिंगटन में डिफेंस स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज के वार्षिक दिवस समारोह में भाग लेते हुए कहा कि वर्तमान में, प्रौद्योगिकी पहले की तरह भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को आगे बढ़ा रही है। रक्षा मंत्री ने कहा, हम ग्रे जोन और मिश्रित युद्ध के युग में हैं जहां साइबर हमले, गलत सूचनाओं का प्रचार और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं जिनसे एक भी गोली दागे बिना राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों को लक्ष्य बनाने के साथ हीउन्हें हासिल भी किया जा सकता है। ग्रे जोन से आशय ऐसे कालखंड से हैं जहां युद्ध और शांति के बीच के समय में राज्य और राज्येतर तत्वों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की प्रतिस्पर्धा होती है। इसमेंगैर-परंपरागत तरीकों और रणनीतियों का इस्तेमाल किया जाता है जो परंपरागत युद्ध के दायरे में नहीं आते। राजनाथ सिंह ने कहा कि एआई और प्रौद्योगिकियों की उभरती हुई टोकरी - रोबोटिक्स, सैन्य स्वायत्तता, ड्रोनरी, क्वांटम, ब्लॉकचेन, अंतरिक्ष, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और इसी तरह की अन्य प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण तरीकों से निरोध और युद्ध लड़ने में क्रांति ला रही हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध भूमि, समुद्र और हवा के पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर अंतरिक्ष, साइबर, पानी के नीचे और रचनात्मक प्रयास के नए क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय वर्ष 2025 के लिए निर्धारित लक्ष्यों पर महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है जिसका उद्देश्य भारत के सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से उन्नत और बहु-डोमेन एकीकृत संचालन में सक्षम युद्ध के लिए तैयार बल में बदलना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर- क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के दृष्टिकोण की नींव रखी। उन्होंने कहा कि केंद्र ने सागर को और आगे बढ़ाते हुए ग्लोबल साउथ के लिए एक दृष्टिकोण की घोषणा की है।



**संक्षिप्त समाचार**

### दिल्ली में लैंडिंग के बाद पायलट की मौत, उड़ान पूरी होने पर खराब हुई थी तबीयत

एयरलाइन और एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की बुधवार को दिल्ली में मौत हो गई। वह श्रीनगर से उड़ान भरने के कुछही देर बाद बीमार पड़ गया था। शुरूआती जानकारी के अनुसार, पायलट की उम्र 30 के आसपास थी। उसने दिन में श्रीनगर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद, उसे अस्वस्थ महसूस होने लगा और बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद, उसे जल्द ही मृत घोषित कर दिया गया। एयरलाइन ने गुरुवार को एक बयान में इस घटना की पुष्टि की और इसे एक मूल्यवान सहयोगी की दुखद क्षति बताया। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि हमें एक मूल्यवान सहयोगी को चिकित्सा स्थिति के कारण खोने का गहरा अफसोस है। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं और हम उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं क्योंकि हम सभी इस भारी नुकसान से उबर रहे हैं।

### हरिद्वार में अवैध खनन में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली ने डेढ़ वर्षीय बालक को रौंदा, मौत

हरिद्वार जिले के बहादराबाद क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध खनन में शामिल एक ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर डेढ़ साल के एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। शांतरशाह के थाना प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार ने बताया कि घटना हलवाखेड़ी गांव में हुई, जहां बच्चा खेलते हुए अपने घर से बाहर आ गया और वहां से गुजर रही ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर उसके परिजन दौड़े और उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली चालक फोन पर बात करते हुए वाहन चला रहा था जिससे उसने बच्चे पर ध्यान नहीं दिया और उसे कुचल दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया। गंगवार ने बताया कि बाद में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक खुर्शीद को गिरफ्तार कर लिया। पिछले साल भी एक अन्य घटना में खनन सामग्री से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने पीड़ित की चचेरी बहन को टक्कर मार दी थी। हालांकि, घटना में उसकी जान बच गई थी।

# देश के 20 राज्यों में आंधी-बारिश का कहर

## बिजली गिरने से यूपी में 6 और बिहार में 22 की मौत; मध्य प्रदेश-राजस्थान में हीटवेव का अनुमान

भीषण गर्म के बाद देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है।

एजेंसी

लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश जारी है। यहां बिजली गिरने से छह की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 22 की मौत हुई हैं। आज 32 जिलों में यलो अलर्ट है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में हीटवेव की संभावना है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान के 16 जिलों में बारिश के आसार हैं।



# 1 करोड़ हस्ताक्षरों के साथ वक्फ कानून प्रस्ताव

## जमीयत उलेमा-ए-हिंद का बड़ा फैसला

▶▶जमीयत ने वक्फ कानून के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए क्राउडफंडिंग अभियान की भी घोषणा की। सुप्रीम कोर्ट अगले हफ्ते कई याचिकाओं पर सुनवाई करने वाला है। कानून के खिलाफ हस्ताक्षर स्वयंसेवक बंगाल के विभिन्न जिलों में जाकर एकत्र करेंगे। चौधरी ने कहा कि इस तरह के सामूहिक आंदोलन के कारण पहले भी सरकारों ने कानून वापस लिए हैं।

एजेंसी


प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वक्फ कानून के खिलाफ एक करोड़ लोगों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव भेजने की कसम खाई है। कोलकाता के रामलीला मैदान में एक विशाल सभा में जमीयत के बंगाल चैप्टर ने अपने प्रमुख और मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री से इस कानून को तुरंत निरस्त करने का आग्रह किया। जमीयत ने वक्फ कानून के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए क्राउडफंडिंग अभियान की भी घोषणा की।



### लाल किला और जामा मस्जिद को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लाल किला और जामा मस्जिद को निशाना बनाकर बम रखे जाने की झूठी धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियों को गुरुवार सुबह मौके पर पहुंचकर गहन जांच करनी पड़ी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि लाल किला और जामा मस्जिद को बम से उड़ाने की धमकी वाली कॉल आई।




**संकल्प** बीजेपी बोली- चाहे आप दुनिया के किसी कोने में...

# 'तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण नए भारत का संकल्प'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह सभी सुरक्षा, आतंकवाद निरोधक, अभियोजन और खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ी जीत है। पूनावाला ने आगे कहा कि प्रत्यर्पण इस बात का संकल्प है कि भारत आतंकी हमलों पर चुप नहीं रहेगा बल्कि कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण, न केवल 138 भारतीय पीड़ितों के लिए बल्कि कई अन्य देशों के पीड़ितों के लिए भी न्याय और समाधान सुनिश्चित करने और उसके करीब पहुंचने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। शहजाद पूनावाला ने दावा किया कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण कोई आम प्रत्यर्पण नहीं है, ये नए भारत के संकल्प का प्रतिबिंब है। जिसे 2019 में पीएम नरेन्द्र मोदी जी ने परिभाषित करते हुए कहा था? कि अगर कोई भारत की अखंडता, एकता, सुरक्षा, अस्मिता या किसी भी निर्दोष भारतवासी पर हमला करने की जुर्रत करेगा, तो भारत ऐसे आतंकी को पाताल से भी खोज कर न्याय के पथ पर लाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि आज तहव्वुर राणा जब भारत लाया जा रहा, तो ये एक चेतावनी भी है... हर एक उस आतंकी के लिए, आतंकी साजिशकर्ता के लिए कि चाहे आप दुनिया के किसी कोने में छिप कर क्यों न बैठे हो, भारत आपको चुन चुन कर ढूंढेगा और न्याय के पथ पर लाएगा। भाजपा नेता ने कहा कि घरेलू आतंकवाद के कई मामलों में हमारी एजेंसियों ने अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि हमने नए कानूनों के माध्यम से इन एजेंसियों को सशक्त बनाया है और उन्हें काम करने की पूरी छूट दी है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों में शामिल लोगों को दंडित करने के लिए कुछ नहीं करन के लिए कांग्रेस की आलोचना की, जिसमें 166 से अधिक लोगों की जान चली गई। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, गोयल ने तत्कालीन सरकार पर 26/11 मुंबई हमलों के मुख्य आरोपियों में से एक अजमल कसाब को केवल बिरयानी परोसन का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने हमलावरों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें भारतीय धरती पर न्याय का सामना कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प की भी प्रशंसा की।



## सम्पादकीय

# आहत होती लोकतांत्रिक गरिमा, न्यायपालिका को आगे आना होगा

बीते दिनों सपा के रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा के बारे में संसद में जो कुछ कहा उसे कार्यवाही से निकालने का क्या लाभ जब दुनिया उससे परिचित हो गई। ऐसे मामलों की सूची अंतहीन है। बेलगाम होती वर्तमान स्थिति पर लगाम लगाने के लिए कुछ उपाय आवश्यक हो गए हैं। एक उपाय तो संसदीय कार्यवाही के सीधे प्रसारण पर रोक लगाने का है। गत वर्ष के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस के 10 विधायकों और आठ विधान परिषद सदस्य दलबदल कर कांग्रेस में शामिल हो गए। बीआरएस ने तेलंगाना विधानसभा स्पीकर से अनुरोध किया कि इन विधायकों की सदस्यता समाप्त की जाए। इस पर स्पीकर की हीलाहवाली के चलते मामला हाई कोर्ट होते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा ।जिस पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि इन सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव नहीं होंगे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि मुख्यमंत्री ने ऐसा कहकर दलबदल विरोधी कानून का मजाक उड़ाया है। अदालत ने कहा, स्पीकर इस पर क्या फैसला करते हैं, उस पर हमारा कुछ नहीं कहना। हालांकि स्पीकर को एक उचित समयसीमा के भीतर फैसला कर देना चाहिए ।यदि वह अदालत के इस अनुरोध का पालन नहीं करते तब हम शक्तिहीन होकर नहीं बैठे रह सकते। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत हमें विशेष परिस्थितियों से निपटने के लिए शक्ति उपलब्ध है। हम संविधान के संरक्षक की हैसियत से अपनी शक्ति का उपयोग करेंगे। ऐसी अदालती फटकार के बाद यह मामला एक समयसीमा के भीतर सुलझ जाने की उम्मीद बंधी है। हालांकि ऐसा यह इकलौता मामला नहीं है ।वर्ष 2021 में बंगाल में हुए दलबदल में स्पीकर की संदिग्ध भूमिका को लेकर भी शीर्ष अदालत को ऐसा ही आदेश देना पड़ा था। यह मामला भाजपा विधायक मुकुल राय से जुड़ा था। उनके दलबदल पर स्पीकर कार्रवाई नहीं कर रहे थे। उस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, स्पीकर को ऐसे मामले में अधिकार इसलिए दिया गया है ताकि वह स्वतंत्र रूप से निर्णय कर सकें, पर उम्मीद के विपरीत यह आम प्रथा चल पड़ी है कि ऐसे मामलों को महीनों और वर्षों तक लटकाए रखा जा रहा है। दलबदल और नैतिकता का ह्रास ही नहीं कानूनी और संसदीय आचरण के मामले में स्थिति इतनी बिगड़ती जा रही है कि आए दिन संविधान और विधायिका संस्था की गरिमा को ठेस पहुंच रही है ।अब सुप्रीम कोर्ट को ही कुछ कदम उठाने पड़ेंगे। अन्यथा संविधान के संरक्षक के रूप में उसके दायित्व का अपेक्षा के अनुरूप पालन नहीं हो पाएगा। मौजूदा स्थिति से चिंतित कई लोग यह चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से एक उच्चाधिकार प्राप्त आयोग बने। वह संसदीय जनतंत्र की गरिमा को बहाल करने के लिए ठोस सुझाव दे।

## आज का विचार







**मेष राशि :** नौकरी में स्थानांतरण के योग है. आपको किसी जरूरी कार्य से घर से दूर जाना पड़ सकता है. व्यापार में कुछ समस्या आ सकती है. किसी महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी किसी अन्य व्यक्ति के हाथों में ना दें. अन्यथा कार्य बनते-बनते बिगड़ जाएगा.

**वृष राशि :** कार्यक्षेत्र में परिश्रम के बावजूद भी उसी अनुपात में फल प्राप्त नहीं होगा. सहयोगी जनों से मतभेद उभर सकते हैं. किसी के बहकावे में न आए. महत्वपूर्ण कार्यों में संघर्ष बढ़ सकता है. सामाजिक कार्य व्यवहार में संयमपूर्वक व्यवहार करें. विरोधी पक्ष आपको नीचे दिखाने की कोशिश कर सकते हैं. इस संबंध में सावधानी बरतें.

**मिथुन राशि :** नौकरी में पदोन्नति का शुभ समाचार मिलने का संयोग बनेगा. बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को अधीनस्थ का सुख प्राप्त होगा. व्यवसाय से जुड़े हुए व्यक्तियों को व्यापार में लाभ उन्नति के योग बनेंगे. आजीविका नौकरी के क्षेत्र में संलग्न लोगों को परिश्रम का फल प्राप्त होगा. मन में संतुष्टि बढ़ेगी.

**कर्क राशि :** कार्यक्षेत्र में कोई ऐसी घटना घट सकती है जिसका कार्य क्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा. पहले से रुके हुए कार्य बनने की संभावना रहेगी. समाज में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. शत्रु पक्ष आपके साथ प्रतिस्पर्धा की भावना से व्यवहार करेंगे.

**सिंह राशि :** बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी तलाश रहे लोगों को नौकरी से संबंधित शुभ समाचार मिलेगा. परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. खेल, विज्ञान, कला आदि के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है. व्यवसाय से जुड़े लोगों को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा.

**कन्या राशि :** कार्यक्षेत्र में आय कम होगी. आय के स्त्रोतों में वृद्धि होगी. व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों का नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी. राजनीतिक क्षेत्र में नौकरी में उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा.

**तुला राशि :** बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत व्यक्तियों को नौकरी में अपने सहयोगियों के साथ अधिक तालमेल बनाने की आवश्यकता रहेगी. व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को व्यापार में लाभ के संकेत प्राप्त होंगे.

**वृश्चिक राशि :** नौकरी में स्थानांतरण के योग बनेंगे. आपके घर से दूर तैनाती मिल सकती है. बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों अकारण समस्या हो सकती है. आजीविका के क्षेत्र में कार्य व्यक्तियों को तालमेल बनाने की आवश्यकता रहेगी. व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों को अचानक लाभ हो सकता है.

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र की दृष्टि से कुछ उतार-चढ़ाव रहेगा. व्यापार आजीविका में अत्यधिक परिश्रम करने से सुधार होगा. गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें. अन्यथा वे आपकी कमजोरी का लाभ उठा सकते हैं. कोर्ट कचहरी के मामले में आपको विशेष सावधानी बरतनी होगी. अपने आत्मविश्वास को कम न होने दे.

**मकर राशि :** आजीविका के क्षेत्र में संलग्न व्यक्तियों को कार्य के प्रति अधिक सतर्क रहें. व्यापार करने वाले लोगों के व्यवसाय में स्थित समान रहेगी. अपने व्यवहार को अच्छा बनाने की कोशिश करें. समाज में अपनी पहचान बनाने का प्रयास करें.

**कुंभ राशि :** आध्यात्मिक क्षेत्र में संलग्न लोगों को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी. कार्य क्षेत्र में पिता से सहयोग एवं सानिध्य प्राप्त होगा. राजनीति में आपकी रणनीति की सराहना होगी.

**मीन राशि:** कार्यक्षेत्र में अत्यधिक व्यस्तता बनी रहेगी. कोई महत्वपूर्ण कार्य किसी व्यक्ति की लापरवाही के कारण बाधित हो सकता है. जिससे आपका मन खिन्न रहेगा. राजनीति में किसी महत्वपूर्ण अभियान की कमान आपको मिल सकती है. जिससे राजनीतिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. व्यापार में नए अनुबंध होने से व्यापार में सुधार होगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# राजनीति पर असर डालने वाला कानून, मुस्लिम आधार पर राजनीति करने वाले दलों का सियासी वजूद खतरे में

> एक बड़ा सवाल यह है कि यदि हिंदू समुदाय जातियों में बंट सकता है उसे जातीय स्तर पर खंडित करके दल अपनी राजनीतिक रोटी सेंक सकते हैं सत्ता की दहलीज लांघ सकते हैं तो मुस्लिम वोट बैंक में दरार से क्यों परेशानी होने लगी? परेशानी यही है कि अगर पिछड़ा मुस्लिम समुदाय थोक वोट बैंक से अलग हुआ तो मुस्लिम आधार पर राजनीति करने वाले दलों का सियासी वजूद खतरे में पड़ जाएगा।

नया वक्फ कानून लागू होने के बाद कुछ राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्था-एनजीओ और मुस्लिम संगठन उसे असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक जा पहुंचे हैं, जबकि कुछ इसकी तैयारी में अपने कानूनी हथियार की धार तेज कर रहे हैं। आखिर इस कानून को लेकर इतना राजनीतिक हंगामा क्यों मचा है? इसकी एक वजह ऐसी है, जिस पर कम ही लोगों का ध्यान गया है। इस कानून से मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करने वालों का रसूख कमजोर होता दिख रहा है। कुछ दलों को लगता है कि अगर मुस्लिम समुदाय बंटा तो उनकी राजनीति पस्त पड़ सकती है ।अपने देश में आजादी के बाद से ही पंथनिरपेक्षता के नाम पर तुष्टीकरण की राजनीति जारी है। मुस्लिम समुदाय को लेकर धारणा यह बनी कि वह थोक वोट बैंक है। पहले आम चुनाव में विभाजन का दर्द और स्वाधीनता संघर्ष का गर्वबोध ताजा-ताजा था, जिसकी प्रतिनिधि कांग्रेस थी, लिहाजा ज्यादातर मतदाताओं ने उसे पसंद किया, लेकिन बाद के दिनों में परिपक्व होता वोटर अपनी दृष्टि से राजनीतिक दलों को परखने लगा। दूसरी ओर, अल्पसंख्यकवाद के कवच से मुस्लिम वोट बैंक भी मजबूत होता चला गया ।नए वक्फ कानून के खिलाफ बेशक मुस्लिम समुदाय का एक हिस्सा नाराज दिख रहा है, पर एक




तबका समर्थन में भी उठ खड़ा हुआ है। इनमें अजमेर दरगाह के चिश्ती सैयद नसीरुद्दीन के साथ ही आल इंडिया सूफी सज्जादनशीं कौंसिल, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, भारत फर्स्ट जैसी संस्थाएं हैं। आल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी भी नए वक्फ कानून के समर्थन में हैं। समर्थकों की सूची में जमीयत हिमायत उल इस्लाम, पसमांदा मुस्लिम महाज और पसमांदा मुस्लिम समाज भी है ।समर्थकों में सबसे ज्यादा मुस्लिम पसमांदा समाज के लोग हैं। जिन्हें आज की राजनीतिक भाषा में वंचित और शोषित कहा जाता है, वही पसमांदा हैं। पसमांदा मतलब पीछे छूट गए लोग। मुस्लिम समाज में इनकी हिस्सेदारी 85 प्रतिशत तक मानी जाती है। 1931 की जनगणना में मुस्लिम समुदाय की तीन सौ से ज्यादा जातियों का जिक्र था। आखिर क्या वजह है कि पसमांदा समाज को यह कानून पसंद आ रहा है? इसे समझने के लिए मुस्लिम बुद्धिजीवी जफर सरेशवाला के बयान को देखना होगा। उन्होंने कहा है कि वक्फ के पास इतनी संपत्ति है कि यदि इसका इस्तेमाल सही से किया गया होता तो सिर्फ मुसलमान ही नहीं, देश का हिंदू भी गरीब नहीं रहता। कुछ ऐसी ही राय बिहार के राज्यपाल और मुस्लिम समाज के जाने-माने चिंतक आरिफ मोहम्मद खान की भी है ।उन्होंने पटना के महावीर मंदिर ट्रस्ट का हवाला देते हुए कहा है कि इसके अस्पताल और कई सेवा कार्य हैं, पर वक्फ बोर्ड के पास ऐसा कोई काम नहीं है। वक्फ बोर्ड इस आरोप से घिरे हैं कि उन्होंने अपने समुदाय के कमजोर तबके के कल्याण के लिए कभी कोई योजना नहीं चलाई। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय संयोजक फिरोज मंसूरी तो वक्फ बोर्डों को एक तरह से रसूखदार लोगों की कठपुतली बताते हैं। उनका कहना है कि करीब साढ़े आठ लाख एकड़ से ज्यादा की वक्फ की जमीन पर सिर्फ दो सौ लोगों का कब्जा है ।पसमांदा समुदाय की प्रतिक्रियाओं से साफ है कि मुस्लिम वोट बैंक में दरार पड़नी तय है। इसलिए और भी, क्योंकि नए वक्फ कानून ने पिछड़े और वंचित मुस्लिम समाज को सत्ता की कुंजी का पता बता दिया है। अब तक मुस्लिम राजनीति में अशराफिया मुसलमानों का कब्जा रहा है। अरब, अफगानिस्तान और मध्य एशिया से आए जो मुसलमान भारतीय मूल के मुस्लिम लोगों से खुद को बेहतर मानते हैं, उन्हें ही अशराफिया कहा जाता है। आजादी के बाद भी मुसलमानों का नेतृत्व इसी वर्ग के हाथ रहा। इसी कारण पसमांदा मुस्लिम राजनीति में हाशिए पर हैं ।पहली बार उन्हें एक करने के लिए पिछली सदी के आरंभ में आल इंडिया पचवारा मुस्लिम महाज का गठन हुआ। पिछली सदी के आखिरी दशक में बिहार के पत्रकार अली अनवर ने इस समुदाय की बात उठाई। पसमांदा समुदाय पर प्रधानमंत्री मोदी की भी नजर है। पहली बार पांच जून 2022 को उन्होंने हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति में इस समाज के बीच काम करने की बात कही। 27 जून 2023 को उन्होंने भोपाल में भी पसमांदा समाज का जिक्र किया, लेकिन भाजपा को विशेष सफलता नहीं मिली। मुस्लिम समुदाय थोक वोट बैंक के रूप में बना रहा ।नए वक्फ कानून के बाद यही थोक वोट बैंक राजनीतिक दलों को दरकता दिख रहा है। अगर ऐसा हुआ, जिसके आसार हैं तो पसमांदा वर्ग मुस्लिम समाज के थोक वोट बैंक से छिटक सकता है। इसी कारण इस समुदाय के वोटों पर राजनीति करने वाले दलों में घबराहट है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि वक्फ संशोधन कानून ने मुस्लिम समुदाय को बांट दिया है। कुछ ऐसे ही विचार मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले अन्य दलों के हैं ।एक बड़ा सवाल यह है कि यदि हिंदू समुदाय जातियों में बंट सकता है, उसे जातीय स्तर पर खंडित करके दल अपनी राजनीतिक रोटी सेंक सकते हैं, सत्ता की दहलीज लांघ सकते हैं तो मुस्लिम वोट बैंक में दरार से क्यों परेशानी होने लगी? परेशानी यही है कि अगर पिछड़ा मुस्लिम समुदाय थोक वोट बैंक से अलग हुआ तो मुस्लिम आधार पर राजनीति करने वाले दलों का सियासी वजूद खतरे में पड़ जाएगा।

# दौलत नहीं परिश्रम से मिलती है सुख की राह

**विजय गर्ग**



बचपन में किताबों में पढ़ा था- इफ वेल्थ इस लॉस्ट, नथिंग इज लॉस्ट; हेल्थ इज लॉस्ट, समथिंग इज लॉस्ट, करैक्टर इज लॉस्ट, एवेरीथिंग इज लॉस्ट, लेकिन विडंबना देखिए कि आज तो समाज में बिल्कुल उल्टा ही देखने को मिल रहा है। चरित्र को तो जैसे हमने अंतिम मानकर भुला ही दिया है और पैसा सर्वोपरि हो गया है। इसका परिणाम धीरे-धीरे हमारे सामने आ रहा है। जिसके चलते समाज में जीवन मूल्यों का लगातार पराभव देखने में आ रहा है।

यही वजह है कि समृद्धि व संपन्नता के बावजूद हमारी सोच सकारात्मक नहीं रही। जिसके चलते हम तमाम तरह के मनोकायिक रोगों के शिकार हो रहे हैं। तरह-तरह के रोग हमारे शारीरिक श्रम करने से बढ़ने लगे हैं। जिसकी वजह से आज महानगर से लेकर नगरों और कस्बों से लेकर गांवों तक आज हमें ह्यडाक्टर्स ही डाक्टर्सह्ल बड़े-बड़े हॉस्पिटल और नर्सिंग होम मिलेंगे। कैंसर, लीवर, गुर्दे, टीबी, हार्ट और मूत्र संबंधी रोगों के इलाज के बड़े-बड़े होर्डिंग्ज दिखाई देंगे। जाहिर है रोग बढ़ेंगे तो रोग उपचार के कारोबार भी बढ़ेंगे।

दरअसल, यहां डॉक्टरों की बढ़ती भीड़ चेता भी रही है और डरा भी रही है। आज से बीस-तीस साल पहले जहां ढूंढ़े से कोई डॉक्टर मिलता था, आज वहां भीड़ है। मेरा अंतर्मन कहता है कि हम सुख की तलाश ह्यदौलतह्ल में करते-करते सबसे बड़े जीवन-मूल्य ह्यपरिश्रमह्ल को भूल बैठे हैं। जबकि यह एक हकीकत है कि पसीने से महकते किसान, जवान और श्रमिक कोई व्यायाम करने को नहीं कहता। उनका श्रमयुक्त जीवन अपने आप में व्यायाम है। वे स्वस्थ भी रहते हैं। यहां तक कि फिट सैनिक को जवान की संज्ञा दी जाती है। जवान यानी हमेशा फिट रहने वाला। आज बेचैन अंतर्मन को एक बेहद सार्थक और मार्मिक बोधकथा पढ़ने को मिली है, जो हमारे कई प्रश्नों के उत्तर दे देती है। आप भी इस प्यारी सी कथा को पढ़िए :-

ह्यपुराने समय में एक राजा था। राजा के पास सभी सुख-सुविधाएं और असंख्य सेवक-सेविकाएं थे, जो हर समय उसकी सेवा को उपलब्ध रहते थे। लेकिन उसके जीवन में श्रम की कोई जगह न थी। राजा को किसी चीज की कमी नहीं थी। फिर भी राजा अपने जीवन से सुखी नहीं था, क्योंकि वह अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी परेशान रहता था। राजा सदा बीमारियों से घिरा रहता था। राजा का उपचार सभी बड़े-बड़े वैद्यों द्वारा किया गया, परंतु इसके बावजूद राजा को स्वस्थ नहीं किया जा सका। अपने राजा की बढ़ती बीमारी से राज दरबार चिंतित हो गया। वे राजा को स्वस्थ बनाने के तमाम उपायों पर विचार करने लगे ।राजा की बीमारी दूर करने के लिए दरबारियों द्वारा राज्य में ऐलान करवा दिया गया कि जो भी राजा का स्वास्थ्य ठीक करेगा, उसे असंख्य स्वर्ण मुहरें दी जाएंगी। यह घोषणा सुनकर एक वृद्ध भी राजा का इलाज करने राजा के महल में गया। वृद्ध ने राजा के पास आकर कहा, ह्यमहाराज, आप आज्ञा दें तो आपकी बीमारी का इलाज मैं कर सकता हूं ।राजा की आज्ञा पाकर वह बोला, ह्यआप किसी पूर्ण सुखी मनुष्य के वस्त्र पहनिए, आप अवश्य स्वस्थ और सुखी हो जाएंगे ।ह्ल वृद्ध की बात सुनकर राजा के सभी मंत्री और सेवक जोर-जोर से हंसने लगे। इस पर वृद्ध ने कहा, ह्यमहाराज! आपने सारे उपचार करके देख लिए हैं, यह भी करके देखिए! मेरा दावा है कि आप अवश्य ही स्वस्थ हो जाएंगे ।ह्ल राजा ने उसकी बात से सहमत होकर सेवकों को पूर्ण सुखी मनुष्य की खोज में राज्य की चारों दिशाओं में भेज दिया, परंतु उन्हें कोई पूर्ण सुखी मनुष्य कहीं भी नहीं मिला। यह सुनकर राजा भी गहरी सोच में डूब गया। अब राजा स्वयं किसी सुखी मनुष्य की खोज में निकल पड़ा। अत्यंत गर्मी के दिन होने से राजा का बुरा हाल हो गया और वह एक पेड़ की छाया में विश्राम हेतु रुका। तभी राजा को एक मजदूर इतनी गर्मी में भी मजदूरी करता दिखाई दिया। राजा ने उससे पूछा, ह्यक्या, आप पूर्ण सुखी हो ?मजदूर खुशी-खुशी और सहज भाव से बोला, ह्यजी, भगवान की कृपा से मैं पूर्ण सुखी हूं !ह्ल उसने मजदूर को ऊपर से नीचे तक देखा तो मजदूर ने सिर्फ धोती पहनी हुई थी और वह गाढ़ी मेहनत से पूरा का पूरा पसीने से तरबतर था। राजा यह देखकर समझ गया कि परिश्रम करने से ही एक आम मजदूर भी पूर्ण सुखी है ।इस तरह राजा को सुखी रहने का मंत्र मिल गया था। राजा ने राजमहल लौटकर उस वृद्ध का उपकार मानते हुए उसे असंख्य स्वर्ण मुद्राएं दीं। अब राजा स्वयं आराम और आलस्य छोड़कर खूब परिश्रम करने लगे। कुछ ही दिनों में राजा पूर्ण स्वस्थ और सुखी हो गया।

मित्रो ! इस बोधकथा का सार यही है कि आज हम भौतिक सुख-सुविधाओं के इतने आदी हो गए हैं कि हमारे शरीर की रोगों से लड़ने की शक्ति क्षीण होती जा रही है। दरअसल, श्रम करने से जहां हमारी जीवनी शक्ति बढ़ती है।

# आधुनिकता की मरीचिका मे जीवन शैली, लोभ असीमित

**संजीव ठाकुर**

वर्तमान में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय वैदिक, सनातनी संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैंह्ल विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

# एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे की बैंक एसोसिएशन को चिट्ठी

**लिखा- मराठी में काम करने का निर्देश दें वरना हालात बिगड़ने पर बैंक जिम्मेदार होंगे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई , महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अध्यक्ष राज ठाकरे ने शीर्ष बैंक निकाय इंडियन बैंक्स एसोसिएशन को चिट्ठी लिखकर कहा है कि वह बैंकों को मराठी में काम करने निर्देश का दें। ऐसा न करने पर उनकी पार्टी अपना आंदोलन तेज करेगी। एमएनएस नेताओं ने 9 अप्रैल को कइअ अधिकारियों को यह चिट्ठी सौंपी। ठाकरे ने यह भी लिखा कि अगर बैंक अपनी सेवाओं में तीन भाषा फामूर्ले ( अंग्रेजी, हिंदी और स्थानीय भाषा यानी मराठी ) का पालन नहीं करते तो हालात बिगड़ने पर बैंक खुद जिम्मेदार होंगे। चिट्ठी में में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी और निजी बैंकों में स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल को लेकर सर्कुलर जारी किया है ।इससे पहले ठाकरे ने 5 अप्रैल को पार्टी कार्यकताओं से मराठी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए आंदोलन को फिलहाल रोकने के लिए कहा था। ठाकरे ने 30 मार्च को गुड़ी पड़वा रैली में मराठी को अनिवार्य बनाने की मांग की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि जो लोग जानबूझकर मराठी नहीं बोलते उन्हें थप्पड़ मारा जाएगा ।बैंक यूनियंस ने उट फडणवीस को चिट्ठी लिखी थी महाराष्ट्र में बैंककर्मियों ने 4 अप्रैल को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने की अपील की थी। राज्य भर के बैंकों में कर्मचारियों पर हमले की कई घटनाओं के बाद बैंक यूनियन ने सीएम को चिट्ठी लिखी थी।

# ओबीसी वोटों पर कांग्रेस की नजर...अहमदाबाद अधिवेशन के प्रस्ताव पर भड़के संजय निरुपम, पुरानी पार्टी को कोसा

**कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में जातियों की गिनती और ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने के प्रस्ताव पर शिंदे की शिवसेना भड़क गई है। गुरुवार को पार्टी के नेता संजय निरुपम ने कांग्रेस पर कड़ा हमला बोला। निरुपम ने कहा यह विभाजनकारी एजेंडा वोट बैंक पॉलिटिक्स के लिए है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




- कांग्रेस के जाति जनगणना-ओबीसी आरक्षण पर गरमाई राजनीति
- शिवसेना नेता संजय निरुपम ने पुरानी पार्टी पर बोला जोरदार हमला
- निरुपम ने कहा कांग्रेस के प्रस्ताव से साफ हुआ विभाजकारी एजेंडा

मुंबईः महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के नेता संजय निरुपम ने गुरुवार को अपने पुरानी पार्टी का बड़ा हमला बोला। निरुपम ने कहा किकांग्रेस द्वारा ओबीसी वोटों के लिए पारित प्रस्ताव की आलोचना की है। निरुपम ने कहा यह निंदनीय है। निरुपम ने कहा कि अहमदाबाद अधिवेशन में कांग्रेस ने अपनी मूल स्थिति से पूरी तरह पलटी मार ली। जाति और धर्म के बहाने समाज में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने के बजाय, कांग्रेस नेतृत्व ने ओबीसी के वोट के लिए प्रस्ताव पारित किया। यह समाज को जातियों में विभाजित करेगा। कांग्रेस ने अहमदाबाद अधिवेशन में जाति जनगणना कराने और ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने की बात कही है। राहुल गांधी ने कहा था कि वह 50 प्रतिशत की सीमा को तोड़ देंगे।

## निरुपम बोले-कांग्रेस ने लिया यू-टर्न

निरुपम ने आगे कहा कि अब तक हुए कांग्रेस पार्टी के हर राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के लिए, ग्राम स्वराज्य के लिए, आर्थिक उदारीकरण के लिए और बैंकों के राष्ट्रीयकरण के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। निरुपम ने कहा कि कांग्रेस ने हर सत्र में जाति, भाषा और धर्म के नाम पर भारतीय समाज को बांटने वाली ताकतों के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। हालांकि, अहमदाबाद अधिवेशन में कांग्रेस ने पूरी तरह से यू-टर्न ले लिया। कांग्रेस ने जाति और धर्म के नाम पर समाज में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया है। निरुपम ने कहा कि इसके विपरीत, कांग्रेस नेतृत्व ने ओबीसी के वोटों के लिए प्रस्ताव पारित किया, जिससे पता चलता है कि कांग्रेस का समाज को जातियों में बांटने का छिपा एजेंडा है और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। क्षेत्रीय पार्टी बनने जैसा कदमनिरुपम आगे कहा कि कांग्रेस का क्षेत्रीय पार्टी बनने की ओर कदम बढ़ गया है। यह निंदनीय है कि कांग्रेस भी क्षेत्रीय पार्टियों की तरह जाति और धर्म के आधार पर वोट बैंक की राजनीति में संलग्न है। निरुपम ने ओबीसी वोटों के लिए प्रस्ताव की कड़ी आलोचना करते हुए इसे कांग्रेस की गंदी राजनीति बताया।

फास्ट ट्रैक

# 'कर्ज माफी के पैसों से शादी-सगाई', कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे पर भड़के अजित पवार

**जानकारी सामने आ रही है कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने महाराष्ट्र सरकार में कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को कड़ी फटकार लगाई है। बताया जा रहा है कि अजित पवार ने माणिकराव कोकाटे को लगातार पार्टी को संकट में डालने वाले बयान देने के लिए यह कदम उठाया है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बुधवार को कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे का कड़ी फटकार लगाई है। माणिकराव कोकाटे ने किसान कर्जमाफी पर विवादित बयान दिया था। उनके विवादास्पद बयान के कारण राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मुश्किल में पड़ गई है। अजित पवार से भी उनके बयान को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। इसके अलावा पूरे राज्य में माणिकराव कोकाटे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। किसान कर्ज माफी कब होगी? जब माणिकराव कोकाटे से यह सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कर्जमाफी से किसान शादी-ब्याह और सगाई कर सकते हैं। इस संबंध में उनके बयान से बड़ा विवाद खड़ा हो गया। कोकाटे को अंततः अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद 'एबीपी माझा' ने विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि अजित पवार ने माणिकराव कोकाटे को कड़ी फटकार लगाई है ।किसान कर्ज माफी पर क्या बोले थे कोकाटे ?माणिकराव कोकाटे पिछले कुछ दिनों से लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। उन्होंने हाल ही में किसान कर्ज माफी को लेकर बयान दिया था। माणिकराव कोकाटे ने कहा था, किसान कर्जमाफी के पैसे का एक भी रुपया अपने खेतों में नहीं लगाते हैं। आपको पाइपलाइन, सिंचाई, खेत तालाब, हर चीज के लिए पैसे की जरूरत होती है। किसान कहते हैं कि उन्हें बीमा के पैसे चाहिए। उन्हें इसके लिए पैसे चाहिए, फिर वे सगाई करते हैं, शादी करते हैं। बताया जाता है कि इसी बयान के आधार पर अजित पवार ने नाराजगी जताई है ।अजित पवार कोकाटे से नाराज हैंराज्य मंत्रिमंडल की बैठक प्रत्येक मंगलवार को होती है। इस बैठक के लिए एनसीपी के सभी मंत्री मुंबई आते हैं। इसलिए हर मंगलवार को अजित पवार के 'देवगिरी' निवास पर एनसीपी के मंत्रियों और महत्वपूर्ण नेताओं की समीक्षा बैठक होती है। इसलिए हमेशा की तरह अजित पवार के आवास पर बैठक हुई। माणिकराव कोकाटे इस बैठक में आधे घंटे देरी से पहुंचे। सूत्रों से पता चला है कि इसी वजह से अजित पवार उनसे नाराज हो गए। यह भी बताया गया है कि अजित पवार ने पिछले कुछ दिनों में पार्टी के जनता दरबार में कोकाटे की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की है। माणिकराव कोकाटे को चेतावनीअजित पवार ने माणिकराव कोकाटे को चेतावनी दी है कि वे ऐसा बयान न दें जिससे पार्टी को परेशानी हो। कोकाटे ने इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लेकर बड़ा बयान दिया था। माणिकराव कोकाटे ने सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, चूंकि हमारे ओएसडी और पीए का फैसला मुख्यमंत्री की ओर से किया जा रहा है, इसलिए हमारे हाथ में कुछ नहीं बचा है।

# 60 लोगों को फर्जी नौकरी के नाम पर म्यांमार-थाईलैंड भेजा, हर एक को 1000 डॉलर में बेचा, मानव तस्करी का सरगना 'मैडी' अरेस्ट

## साइबर पुलिस ने मानव तस्करी में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

- 60 युवाओं को फर्जी नौकरी के लिए म्यांमार भेजा गया था
- आरोपी ने धोखाधड़ी के लिए युवाओं को 1,000 डॉलर में बेचा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः साइबर पुलिस ने मानव तस्करी के एक बड़े मामले में सफलता हासिल की है। उन्होंने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी लगभग 60 युवाओं को फर्जी नौकरी के प्रस्ताव देकर तस्करी करने में शामिल था। इन युवाओं को म्यांमार और थाईलैंड की कंपनियों में भेजा गया। वहां उनसे एक धोखेबाज चीनी कंपनी के लिए साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया गया। पुलिस ने बताया कि इन युवाओं को छुड़ा लिया गया है और उन्हें मुंबई लाया जा रहा है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने मंगलवार को इस मामले के मुख्य संदिग्ध मनीष उर्फ मैडी गोपी को गिरफ्तार किया। वह वडाला का रहने वाला है और उसे अंधेरी के लोखंडवाला से पकड़ा गया। उसका नाम सतीश शर्मा की शिकायत के बाद सामने आया। सतीश अंधेरी पूर्व में एक होटल के मैनेजर हैं।

## थाईलैंड में नौकरी का लालच

गोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस उसकी रिमांड मांगेगी। पुलिस का कहना है कि वे यह पता लगाना चाहते हैं कि इस नेटवर्क में और कौन शामिल है। वे अपराध से कमाए गए पैसे को भी बरामद करना चाहते हैं। दरअसल पिछले महीने लगभग 20 युवा भारत लौट आए और उन्होंने तस्करों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। युवाओं ने बताया कि उन्हें थाईलैंड में नौकरी का लालच दिया गया। फिर उन्हें अवैध रूप से म्यांमार ले जाया गया और साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया गया। पुलिस का कहना है कि म्यांमार में फंसे अन्य लोगों को भी वापस लाने की कोशिश की जा रही है ।पुलिस के अनुसार, जांच में पता चला कि आरोपी और उसके साथियों ने लोगों को फर्जी नौकरी के प्रस्ताव दिए। फिर उन्हें म्यांमार की कंपनियों में भेज दिया।

# 'लाडली बहनों' को बना दिया कर्जदार, मानखुर्द की 65 महिलाओं के नाम पर 20 लाख का लोन

- महिलाओं को लाडली बहना योजना का झांसा देकर ठगा गया
- 65 महिलाओं के नाम पर 20 लाख का लोन लिया गया
- पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः महाराष्ट्र सरकार की लाडली बहना योजना का लाभ देने का लालच देकर मानखुर्द में गरीब महिलाओं को कर्ज लेने के लिए मजबूर करने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। महिलाओं से पहचान पत्र और दस्तावेज लिए गए और उसके आधार पर उनके नाम पर बजाज फाइनेंस से महंगे मोबाइल फोन खरीदने के लिए लोन लिया गया। खुलासा हुआ है कि 65 महिलाओं के नाम पर 20 लाख रुपये का लोन लिया गया।


## मानखुर्द पुलिस स्टेशन में केस दर्ज

इस मामले में मानखुर्द पुलिस स्टेशन में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बजाज फाइनेंस घरेलू वस्तुओं के लिए फाइनेंस प्रदान करता है। इस कंपनी के एक अधिकारी की ओर से मानखुर्द पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, समीक्षा में पता चला कि 65 लोगों ने मोबाइल फोन खरीदने के लिए उनकी ओर से दिए गए लोन का भुगतान नहीं किया है। इनमें से अधिकांश बकाएदार मानखुर्द के साठेनगर के थे। कंपनी के अधिकारी साठेनगर में इन कर्जदारों के घर गए और पूछताछ की ।कैसे किया फ्रॉडपिछले साल नवंबर में शंकर घाडगे, पद्मा कांबले, सुलोचना दीवानजी, सोनल नांदगांवकर ने सुमित गायकवाड़ की मदद से इन 65 महिलाओं को यह कहते हुए एक साथ लाया कि उन्हें लाडली बहना योजना से लाभ मिलेगा। उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक आदि दस्तावेज ले लिए गए। उनकी अशिक्षा का फायदा उठाते हुए आरोपियों ने वित्तीय संस्थान के दो कर्मचारियों को पकड़ लिया और उन्हें कुर्ला और अंधेरी में आईफोन गैलरी में ले गए। वहां उनके दस्तावेजों के आधार पर आईफोन के लिए कुल 20 लाख रुपये का लोन ले लिया गया।

# मानव दांत कोई खतरनाक हथियार नहीं, जिससे गंभीर नुकसान की संभावना हो

- बॉम्बे हाईकोर्ट ने मानव दांतों को खतरनाक हथियार नहीं माना
- महिला ने ससुराल वालों पर दांतों से काटने का आरोप लगाया था
- अदालत ने मामूली चोट के कारण एफआईआर को रद्द किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक महिला की ओर से उसके ससुराल वालों के खिलाफ की गई शिकायत पर दर्ज एफआईआर को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि मानव दांतों को ऐसा खतरनाक हथियार नहीं माना जा सकता है। जिससे गंभीर नुकसान की संभावना हो। महिला ने अपनी शिकायत में ससुराल पक्ष की अपनी एक रिश्तेदार पर उसे दांतों से काटने का आरोप लगाया था। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच की जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने 4 अप्रैल को अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता के मेडिकल सर्टिफिकेट से पता चलता है कि दांतों के निशान से उसे केवल मामूली चोट लगी।

## महिला ने क्या थी शिकायत?

महिला की शिकायत पर अप्रैल 2020 में दर्ज एफआईआर के अनुसार, हाथापाई के दौरान उसे ससुराल पक्ष की एक रिश्तेदार ने काट लिया और इस तरह उसे खतरनाक हथियार से नुकसान पहुंचा। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत खतरनाक हथियारों से नुकसान पहुंचाने और चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया।

# शिरडी में भीख मांगने पर 51 लोग अरेस्ट, 4 की अस्पताल में मौत, शरद पवार गुट ने लगाए गंभीर आरोप

- शिरडी में भीख मांगने के आरोप में 51 लोग गिरफ्तार हुए
- अस्पताल में भर्ती चार लोगों की मौत, जांच की मांग
- रोहित पवार ने अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( शरदचंद्र पवार ) के विधायक रोहित पवार ने बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के शिरडी में भीख मांगने के आरोप में गिरफ्तार 51 लोगों में से चार की एक अस्पताल में मौत हो गई है। पवार ने इन मौतों की गहन जांच कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की ।रोहित पवार ने क्या कहा ?अहिल्यानगर के कर्जत-जामखेड विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पवार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शिरडी में 51 लोगों को भीख मांगने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। तबीयत बिगड़ने पर उनमें से कुछ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से चार की मौत हो गई। एनसीपी ( एसपी ) विधायक ने दावा किया कि इन मरीजों के साथ कई अमानवीय कृत्य किए जाने की बात सामने आ रही है। इसमें पानी न दिया जाना और एक कमरे में बंद रखा जाना शामिल है ।सख्त कार्रवाई की मांगउन्होंने कहा कि आम आदमी को आश्चर्य हो रहा है कि राज्य सरकार ने ऐसे समय में लोगों पर कार्रवाई शुरू की है।

## बिना साथ रहे दो बच्चों का जन्म संभव नहीं...धनंजय मुंडे-करुणा शर्मा विवाद में मुंबई कोर्ट की टिप्पणी

मुंबईः महाराष्ट्र में मंत्री पद गंवाने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( एनसीपी ) के नेता धनंजय मुंडे सुर्खियों में बने हुए है। करुणा शर्मा के साथ चल रहे उनके विवाद में अब कोर्ट ने काफी तल्ख टिप्पणी की है।


**मध्य रेल**

मुंबई मंडल

**विभिन्न विद्युत कार्य**

**ई-निविदा सूचना स. बीबी.ईल.जीएसयू.ओएचई.2025-26/02**
**दिनांक: 08.04.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिये सिनियर मंडल बिजली इंजीनियर (गतिशक्ती युनिट), 3 रा तल, ओल्ड एरिया मैनेजर की इमार, पी.डी.मेलो रोड, वाडीबंदर, मुंबई-400010 द्वारा प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निविदा (टू पैकेट सिस्टम मे) www.ireps.gov.in वैबसाइट के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो के लिए ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। व्यक्तिगत रुप से प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं कि जायेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23.05.2025 और समय 15:00 बजे तक है। निविदा उसी दिन 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। **कार्य विवरण** : मध्य रेल के मुंबई मण्डल मे कल्यान-कर्जत सेक्शन मे मौजूदा अनियमित 25 केवी, एसी ओएचई को नियमित ओएचई मे परिवर्तन से संबंधित उपकरणों के आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। **लगभग मूल्य (रुपये)** : रू. 47.46 करोड, **बोली प्रतिभूति** : रू. 25,23,000/-, **ऑफर की वैधता** : 90 दिन, **समापन की अवधि** : 24 महीने (मॉन्सून सहित), निविदा का पूरा विवरण भारतीय रेल के कार्यालय के वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा दस्तावेज उपरोक्त वैबसाइट से डाउन लोड किया जा सकता है।

**सहायक मंडल बिजली इंजिनीयर (गतिशक्ती युनिट)**

SUN 21

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**पश्चिम रेलवे**

विभिन्न कार्य

सीनियर डीईएन (दक्षिण) एमएमसीटी, मुंबई मुंबई - 400008, **निविदा सूचना संख्याः** बीसीटी/25-26/8, **दिनांकः** 07.04.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थानः चर्चगेट विरार खंडः चर्चगेट से विरार के बीच ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार और 1 किमी तक कैरी डाउन प्रभाव) की आपूर्ति, स्थापना कमीशन और संचालन (5 वर्ष)। **कार्य की अनुमानित लागतः** 10,37,68,873.20 । **ईएमडीः** 6,68,900/-। **जमा करने की तिथि और समयः** 13.05.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 13.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www-ireps-gov-पद पर जाएं 0029

facebook.com/WesternRly


# पश्चिम रेलवे ने टिकट जांच और गैर-किराया राजस्व श्रेणी में रचा नया कीर्तिमान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- वित्तीय वर्ष 2024-25 में जुर्माने के रूप में 150.86 करोड़ प्राप्त किये
- पश्चिम रेलवे गैर-किराया राजस्व श्रेणी में भारतीय रेल में दूसरे स्थान पर



Shri C.K. Sinha
Chief Ticketing Inspector, Surat

Shri Laxman Kumar
Dy. Chief Ticketing Inspector, Borivali

Shri Ashutosh Kumar Singh
Dy. Chief Ticketing Inspector, HQ

पश्चिम रेलवे राजस्व रेवेन्यू ऑप्टिमाइजेशन करने और पैसेंजर डिसिप्लिन को बढ़ावा देने में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में हासिल की गई एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में पश्चिम रेलवे ने टिकट चेकिंग अभियानों के माध्यम से बिना बुक किए गए सामान के मामलों सहित बिना टिकट और अनियमित यात्रा के कुल 25.17 लाख मामलों का पता लगाया, जिसके परिणामस्वरूप 150.86 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड जुमार्ना प्राप्त किया गया। पश्चिम रेलवे को गैर-किराया राजस्व श्रेणी में भारतीय रेल में दूसरे स्थान पर रहने का गौरव भी प्राप्त हुआ है ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस गति को बनाए रखते हुए अकेले मार्च, 2025 के महीने में 2.72 लाख मामले पकड़े गए, जिनसे 16.57 करोड़ रुपये का जुमार्ना वसूला गया। निरंतर यह प्रदर्शन, बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाते हुए वास्तविक यात्रियों के हितों की रक्षा करने की पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है ।एक यात्री-हितैषी कदम उठाते हुए, जिसका उद्देश्य यात्रा के दौरान आराम बढ़ाना और आरक्षित डिब्बों में भीड़भाड़ को कम करना है, पश्चिम रेलवे ने जून, 2024 में एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव लागू किया। अनियमित यात्रियों को उनके गंतव्य तक दंडित करने के बजाय, अब उनसे केवल अनियमितता पता लगने तक का ही शुल्क लिया जाता है और उन्हें तुरंत उतार दिया जाता है। इस दृष्टिकोण ने आरक्षित टिकट धारकों के लिए अधिक आरामदायक और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने में मदद की है। इस बदलाव को मजबूती से लागू करने के लिए सप्ताहांत और त्योहारों के दौरान विशेष गहन टिकट जाँच अभियान चलाए जाते हैं, जिससे नियमों का अधिक अनुपालन सुनिश्चित होता है और पूरे नेटवर्क में यात्री अनुशासन को मजबूती मिलती है ।पश्चिम रेलवे की टिकट जांच टीम के अथक प्रयासों ने भी इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सूरत के उप मुख्य टिकट निरीक्षक श्री सी.के. सिन्हा ने 10,682 मामलों का पता लगाने और बिना उचित टिकट और बिना बुक किए सामान ले जाने वाले यात्रियों से 74.87 लाख रुपये का जुमार्ना वसूलने की प्रभावशाली उपलब्धि हासिल की। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले अन्य कर्मचारियों में श्री लक्ष्मण कुमार, उप मुख्य टिकट निरीक्षक, बोरीवली शामिल हैं, जिन्होंने 10,603 मामलों का पता लगाया और लगभग 67.36 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला और श्री आशुतोष कुमार सिंह, उप मुख्य टिकट निरीक्षक, मुख्यालय ने 6,687 मामलों का पता लगाया और 66.13 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला। मुंबई उपनगरीय खंड पर, लगभग 11 लाख मामलों का पता लगाया गया और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 47.43 करोड़ रुपये का जुमार्ना वसूला गया ।श्री विनीत ने आगे बताया कि एसी लोकल ट्रेनों में सामान्य टिकट धारकों के अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए लगातार औचक टिकट जांच से जुड़े प्रयास किए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप अप्रैल, 2024 से मार्च 2025 की अवधि में जुमार्ने के लगभग 65,000 मामलों का पता लगाया गया और 209.52 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा, गैर-किराया राजस्व के प्रदर्शन में पश्चिम रेलवे भारतीय रेल में दूसरे स्थान पर है। रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 105 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 112.17 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करके अपने एनएफआर लक्ष्यों को पार कर लिया। यह लक्ष्य से लगभग 7% अधिक है और पिछले वर्ष के 100.81 करोड़ रुपये के राजस्व से 11.27% अधिक है। एनएफआर की अभिनव पहल जैसे कि रेस्तरां ऑन व्हील्स, डिजिटल एआई कियोस्क के माध्यम से विज्ञापन, बैटरी चालित गाड़ियां, रिलैक्सेशन यूनिट के साथ गेमिंग जोन, पोर्टर ऑन कॉल, आदि ने इस शानदार उपलब्धि को हासिल करने में मदद की है ।इन रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियों के साथ पश्चिम रेलवे गैर-किराया राजस्व हासिल करने में भारतीय रेल में अग्रणी बनी हुई है, साथ ही यात्रा अनुभव, यात्री संतुष्टि, परिचालन दक्षता और व्यावसायिक नवप्रवर्तन में सुधार के लिए समर्पित होकर साल-दर-साल उच्च मानक स्थापित कर रही है।


**पश्चिम रेलवे**

एरोसोल **अग्नि** जांच की आपूर्ति और स्थापना

सीनियर डीएमएम/एमएमसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 **ई-निविदा संख्या** 81255414, **दिनांकः** 08.04.2025 को आमंत्रित करता है। कार्य और स्थानः एरोसोल अग्नि जांच और दमन प्रणाली की आपूर्ति और स्थापना। **कार्य की अनुमानित लागतः** 96,47,208/-। **ईएमडीः** 1,92,940/-। **जमा करने का समय और तिथिः** 05.05.2025, 11:00 बजे तक। **खोलने का समय और तिथिः** 05.05.2025 को 11:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ 0026

facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे - वड़ोदरा मण्डल**

**शुद्धिपत्र**

**विषय :** ई-निविदा संख्या EPC_BRC_SnT_02 दिनांक 11/12/2024 के लिए शुद्धिपत्र एनआईटी का प्रकाशन जारी करना, जिसे 21/04/2025 को खोला जाएगा।
प्रकाशन हेतु शुद्धिपत्र एनआईटी का निम्नलिखित विवरण

| निविदा सं. | EPC_BRC_SnT_02 | |
|---|---|---|
| | निकास तिथि | संशोधित तिथि |
| प्री-बिड कॉन्फ्रेंस तिथि समय | — | 17/04/2025 (11:30 Hrs. IST) |
| निविदा समापन तिथि समय | 21/04/2025 (15:00 Hrs. IST) | 08/05/2025 (15:00 Hrs. IST) |

निविदा को वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। 003

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे द्वारा वटवा-हुब्बल्ली ( वसई रोड के रास्ते ) के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन का संचालन**

| ट्रेन संख्या, | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियाँ | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 07334 | वटवा -हुबली | 14.04.2025 to 16.06.2025 | 21:45 बजे ( सोमवार ) | 19:45बजे ( अगले दिन ) |
| 07333 | हुबली -वटवा | 13.04.2025 to 15.04.2025 | 19:30 बजे ( रविवार ) | 18:45 बजे ( अगले दिन ) |

हॉल्टः आनंद, वडोदरा, सूरत, वापी, बोईसर, वसई रोड, कल्याण, लोनावाला, पुणे, सांगली, मिराज, कुदाची, रायबाग, घाटप्रभा, गोकक रोड, बेलगावी, लोंडा जंक्शन, अलनावर जंक्शन। और धारवाड़ स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचनाः प्रथम एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 07334 की बुकिंग 11.04.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और ध्रंऊण वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी

wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram/WesternRly

# आरटीई प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची चरण 2 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, हर साल 25 प्रतिशत प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन लागू की जा रही है। मंगलवार को प्रतीक्षा सूची चरण 2 में 955 छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक दी गई है। सूची में शामिल विद्यार्थियों के अभिभावकों को एसएमएस भेजा जा रहा है। शिक्षा विभाग ने बताया कि स्कूल में रिक्त सीटों के अनुसार प्रतीक्षा सूची में शामिल बच्चों के अभिभावकों को एसएमएस भेजा जाएगा। अभिभावकों को केवल एसएमएस पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि आरटीई पोर्टल पर 'आवेदन स्थिति पर अपना आवेदन नंबर दर्ज करके अपने बच्चे के आवेदन की स्थिति की जांच करनी चाहिए तथा समय-समय पर दिए गए निर्देशों की समीक्षा भी करनी चाहिए। प्रतीक्षा सूची में शामिल बच्चों के अभिभावक निर्धारित समय में आवंटन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ नजदीकी सत्यापन केन्द्र पर जाकर सत्यापन समिति का अनुमोदन प्राप्त करें। शिक्षा अधिकारी बालासाहेब राक्षे ने जनता से अपील की है कि वे 15 अप्रैल 2025 तक अपने बच्चों के दस्तावेजों का सत्यापन और ऑनलाइन प्रवेश की पुष्टि करें। ठाणे जिले में सभी पंचायत समिति और नगर निगमों के अंतर्गत कुल 627 पात्र स्कूल हैं, जिनमें कुल 11,320 रिक्तियां उपलब्ध हैं और अब तक 7,945 प्रवेश हो चुके हैं। प्रतीक्षा सूची चरण क्रमांक 02 में 955 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

# सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे के प्रयासों से अंबरनाथ के विकास कार्यों के लिए शासन ने 20 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की

## पार्कों, सड़कों के नवीनीकरण, लाइब्रेरी और फायर स्टेशन के लिए भी धनराशि प्रदान की गई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे के प्रयासों से अंबरनाथ शहर में पार्कों, सड़कों और लाइब्रेरी सहित अन्य विकास कार्यों के लिए शासन की तरफ से 20 करोड़ 51 लाख रुपए धनराशि मंजूर की गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने डॉ.श्रीकांत शिंदे से शहर के विकास कार्यों के लिए निधि की मांग की थी जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है।अन्य पार्कों की शासन से प्राप्त इस निधी से अंबरनाथ शहर के पूर्व और पश्चिम क्षेत्र में दो पार्क, पश्चिम में एक सड़क और एक संयुक्त अग्निशमन केंद्र जैसे विभिन्न कार्यों में निधि का इस्तेमाल किया जाएगा। सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे ने अंबरनाथकरों के लिए मनोरंजन केंद्र उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा है।



उनके प्रयासों से स्थानीय कानसाई परिसर के पंडित नेहरू पार्क का विकास गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया गया है। शहर में नाट्यगृह का काम भी अंतिम चरणों में है। लाइब्रेरी के निर्माण में भी डॉ.श्रीकांत शिंदे ने अहम पहल की थी। अंबरनाथ शहर को यह राशि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विशेष प्रयासों से महाराष्ट्र स्वर्ण जयंती शहरी पुनर्विकास अभियान के माध्यम से प्रदान की गई है। अंबरनाथ पूर्व के साईं सेक्शन क्षेत्र में स्थित पार्क के लिए 3 करोड़ 71 लाख 59 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।अंबरनाथ पश्चिम में शंकर हाइट्स स्थित पार्क के जीर्णोद्धार के लिए 3 करोड़ 74 लाख 99 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। अंबरनाथ पश्चिम के हुतात्मा चौक स्थित मधु मंगेश कार्णिक पार्क में पुस्तकालय निर्माण के लिए 1 करोड़ 23 लाख 68 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। सर्वोदयनगर में पार्क के विकास के लिए 1 करोड़ 72 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

### सड़कों का कंक्रीटीकरण किया जाएगा।

अंबरनाथ पश्चिम में वाधवा कॉम्प्लेक्स से नाना पाटिल चौक तक की सड़क के कंक्रीटीकरण के लिए 2 करोड़ 99 लाख 41 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। अंबरनाथ और कुलगांव बदलापुर नगरपालिकाओं के लिए एक संयुक्त अग्निशमन केंद्र सहित 70 एएलपी वाहनों के लिए एक केंद्र और आवास स्थापित करने का काम किया जाएगा।सांसद डॉ.शिंदे पत्रकारों को बताया कि इसके लिए 2 करोड़ 72 लाख 56 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जांभिवली गांव के श्मशान घाट के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए 1.5 करोड़ रुपए की निधी आवंटित की गई है।

### बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण

अंबरनाथ पश्चिम के उलन चाल स्थित मदन सिंह मनवीर सिंह गार्डन में एक बहुउद्देश्यीय हॉल के निर्माण के लिए 2 करोड़ 61 लाख 92 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस बहुउद्देशीय हॉल से क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। यह सांस्कृतिक केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा।

फास्ट ट्रैक

# शादी के 2 महीने बाद विवाहिता की मौत

## चारपाई से उठते समय गिरी महिला, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

शाहजहांपुर, एक 18 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका दुर्गेश की शादी बरेली के थाना भोजीपुरा क्षेत्र के बिलबा गांव से दो महीने पहले जैतीपुर के राजीव के साथ हुई थी। शादी के बाद दुर्गेश मायके चली गई थी। पति राजीव पहली बार विदाई कराकर उसे ससुराल लाया था। ससुराल पक्ष के अनुसार, दुर्गेश चारपाई से उठते समय अचानक गिर गई। उन्होंने हार्ट अटैक की आशंका जताई। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंच गए। दिल्ली में काम करने वाले दुर्गेश के पिता कल्लू ने बेटी की मौत को संदिग्ध बताया। मायके पक्ष का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ कुछ गलत किया गया है। मायके पक्ष की मांग पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना थाना जैतीपुर क्षेत्र के पलियूरा गांव की है।



# बर्तन धो रही महिला से छेड़छाड़

## घर में घुसकर की अभद्रता, शिकायत पर परिवार ने दी जान से मारने की धमकी

शाहजहांपुर, थाना खुदागंज क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। 14 मार्च को महिला अपने घर में बर्तन धो रही थी। इस दौरान उसका पति कमरे में सो रहा था। गांव का एक युवक चुपके से घर में घुस आया। उसने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला के शोर मचाने पर उसका पति जाग गया। पति की आवाज सुनते ही आरोपी युवक मौके से भाग निकला। पीड़िता के पति जब आरोपी के घर शिकायत करने गए तो स्थिति और बिगड़ गई। आरोपी के परिवार ने पति के साथ गाली-गलौज की। उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।




# दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

## पिता ने 4 बीघा जमीन बेचकर की थी शादी, एक महीने से ही प्रताड़ना

शाहजहांपुर, दहेज की मांग पूरी न होने पर एक पति ने अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया। थाना कटरा क्षेत्र की रहने वाली महिला की शादी 9 महीने पहले जैतीपुर क्षेत्र के एक युवक से हुई थी। पीड़िता के पिता ने बेटी की शादी के लिए 4 बीघा खेत बेच दिया था। शादी की रात के बाद पीड़िता मायके आ गई। एक महीने बाद जब वह ससुराल गई, तो पति और ससुराल वालों ने बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि उसने ससुराल वालों को समझाया कि पिता पहले ही खेत बेचकर शादी कर चुके हैं।

# लोगो ने 100 से अधिक स्टॉलों पर खरीदारी का आनंद लिया



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , विश्वास सामाजिक संगठन, लोन एसोसिएशन और सारथी ने ठाणे के गांवदेवी मैदान में घरेलू उपकरण प्रदर्शनी और बिक्री उत्सव चैत्रोत्सव का उद्घाटन किया। भाजपा के ठाणे शहर जिला अध्यक्ष तथा विश्वास सामाजिक संगठन के अध्यक्ष संजय वाघुले द्वारा आयोजित महोत्सव में छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित रंगोली आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, भाजपा की नौपाड़ा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष वृषाली वाघुले, कोंकण स्नातक प्रकोष्ठ के संयोजक सचिन मोरे, भाजपा युवा मोर्चा जिला महासचिव प्रशांत कलंबटे और अन्य गणमान्य उपस्थित थे। गांवदेवी मैदान में 16 अप्रैल तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न घरेलू सामान बेचने वाली 100 से अधिक दुकानें हैं। खाने के शौकीन लोग स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। विभिन्न हस्तशिल्पों को देखने के अलावा, नागरिक ई-बाइक की सवारी का अनुभव भी ले सकेंगे। यह पहल छोटे और महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए लागू की गई है। संजय वाघुले ने ठाणे निवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार के साथ आयोजन में पधार कर इसका लाभ अवश्य लें।

# होम्योपैथी के जनक हनीमैन की मनाई जयंती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बलिया, होम्योपैथी के जनक डॉ. फ्रेडरिक सैमुएल हैनिमैन की 270वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुरेश गोड ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. तेज बहादुर सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश गोड ने चिकित्सकों से महात्मा हैनिमैन के सिद्धांतों का पालन करते हुए जनसेवा में समर्पित रहने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने होम्योपैथी को सर्वसुलभ और जनहितकारी चिकित्सा पद्धति बताया। उन्होंने नए चिकित्सकों से इस क्षेत्र में नए प्रयोग और विकास करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार, डॉ. विमलेश कुमार पांडेय, रविशंकर यादव, रंजित कुमार मिश्रा, रत्नेश यादव, मिथिलेश यादव, डॉ. अविनाश कुमार, डॉ. बृजेश कुमार भारती, डॉ. सर्वेश कुमार पंकज, डॉ. रंजीत कुमार, रूबी गुप्ता, डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. मनु समेत कई चिकित्साधिकारी और फार्मासिस्ट शामिल हुए।

# ऊंचाहार पुलिस की लापरवाही




## घायल किशोर को अस्पताल भेजने की बजाय कोतवाली में बिठाया, समझौते का बनाया दबाव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, ऊंचाहार में एक गंभीर मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे राम जियावन मजरे सावापुर नेवादा में पुलिस की लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। गणेश तिवारी नामक किशोर जब एक होटल जा रहा था, तब रास्ते में पांच लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल होकर गणेश जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। घटना के बाद परिजन घायल किशोर को लेकर कोतवाली पहुंचे। आरोप है कि पुलिस ने एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए घायल को अस्पताल भेजने की बजाय कोतवाली में ही बैठा लिया। न केवल घायल को, बल्कि उसके परिजनों को भी वहीं रोक लिया गया। सुबह की घटना होने के बाद शाम तक घायल किशोर का इलाज नहीं कराया गया। वह कोतवाली में दर्द से कराहता रहा, लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस मामले में कोतवाल संजय कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# 14 अप्रैल को मान्धाता ब्लाक में सौ फीट की ऊंचाई पर लहराएगा तिरंगा , डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति का होगा अनावरण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ ,14 अप्रैल मान्धाता ब्लाक के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण दिवस साबित होने जा रहा है। डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर मान्धाता ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख इसरार अहमद और प्रतिनिधि अशफाक अहमद की पहल पर जहां सौ फीट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा वहीं भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया जायेगा। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद लंबे समय से प्रयासरत थे कि ब्लाक परिसर में भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति स्थापित किया जाए और साथ ही साथ सौ फीट ऊंचे स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए यह ब्लाक एक संदेश देता रहे, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने कहा कि भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर जैसे महामानव जो समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं उनके विचारों को समाज में हमेशा जागृत कर किए रखने की जरूरत है इसलिए हम और ब्लाक आने जाने वाले लोग जब जब ब्लाक पहुंचेंगे प्रवेशद्वार से ही दिखाई देने वाली भीमराव डाक्टर बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति हम सभी को उनके विचारों को आत्मसात करने और अपने संवैधानिक अधिकार की ओर इंगित करती रहेगी ।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने कहा कि ब्लाक परिसर में स्थापित भीमराव डाक्टर बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति और सौ फीट की उंचाई पर फहराया जा रहा तिरंगा की चर्चा क्षेत्र में है लोन बाबा साहेब की जयंती पर भारी संख्या में ब्लाक परिसर पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं और 14 अप्रैल को भीम सैनिकों का एक भव्य और विशाल जनसैलाब यहां नजर आयेगा/ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने कहा कि बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह (गोपाल जी) करेंगे इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित जन भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद के इस पहल की क्षेत्र में चर्चा है और यह पहल क्षेत्र में एक नया इतिहास लिखने जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाईक एसटी निगम के अध्यक्ष नियुक्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक को एसटी कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महाराष्ट्र सरकार के केन्द्रीय अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों और आदेशों के अनुसार की गई है।महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एसटी निगम) की स्थापना 1960 में हुई थी। आर.गो.सरैया निगम के पहले अध्यक्ष थे। तब से, कई महत्वपूर्ण व्यक्ति एसटी कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष पद पर आसीन हो चुके हैं। प्रताप सरनाईक एसटी महामंडल के 26 वें अध्यक्ष होंगे।मैं भविष्य में महाराष्ट्र के आम लोगों की ₹लोकवाहिनी₹ एसटी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर अच्छी गुणवत्ता वाली परिवहन सेवा बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। यह बात परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने उपस्थित लोगों के समक्ष कहा है। साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र पद पर नियुक्त करने और मुझे महाराष्ट्र के आम लोगों की सेवा करने के लिए अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया है।

# ऑनलाइन जुआ-सट्टा से कमाई घटी

## शाहजहांपुर में गांजा तस्कर गिरफ्तार, बोला-बिहार से आए युवक से खरीदा और वह दिल्ली चला गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुलिस ने अटसलिया अंडरपास के पास से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। रोजा थाना प्रभारी राजीव रंजन के नेतृत्व में एसओजी और सर्विलांस टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी की पहचान महेश कुमार के रूप में हुई है, जो थाना आरसी मिशन क्षेत्र के मोहल्ला चमकनी का रहने वाला है।

पुलिस ने आरोपी से एक किलो से अधिक गांजा, एक स्कूटी और तीन हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पूछताछ में महेश ने बताया कि वह पहले जुआ और सट्टे का काम करता था। जब यह धंधा ऑनलाइन होने लगा, तब उसकी कमाई कम हो गई। खर्च चलाने के लिए उसने गांजा बेचने का काम शुरू कर दिया। आरोपी ने बताया कि उसने बिहार से आए एक युवक से गांजा खरीदा था। गांजा बेचने के लिए वह अलग-अलग जगहों पर जाता था। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से 9 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# दो पक्षों के बीच मारपीट में की फायरिंग

## कोल्ड ड्रिंक को लेकर हुआ था विवाद, जांच में जुटी पुलिस



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, तिलहर थाना क्षेत्र के इमली मोहल्ले में दो पक्षों के बीच कोल्ड ड्रिंक को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। इस पूरी घटना का 30 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे को गालियां देते हुए दिख रहे हैं।

इसी दौरान कुछ लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। वीडियो में गोली चलने की आवाज साफ सुनाई दे रही है। एक युवक ईंटें फेंकता हुआ भी नजर आ रहा है। फायरिंग की घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। तिलहर थाना प्रभारी ने बताया कि वायरल वीडियो को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस फायरिंग करने वाले आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। प्राथमिक जांच में कोल्ड ड्रिंक को लेकर हुए विवाद की बात सामने आई है।

# युवक का अधजला शव मिलने का मामला

## पुलिस ने 6 संदिग्धों से की पूछताछ, एक टीम आसपास के खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना तिलहर क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। नगरिया मोड़ स्थित पुलिस चौकी के पास के खेत में एक युवक का अधजला शव मिला है। घटनास्थल पर खेत में लगी नरई भी जली हुई मिली। स्थानीय लोगों ने आग देखकर मौके पर पहुंचे और शव की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी राजेश द्विवेदी और एसपी सिटी देवेन्द्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच में घटनास्थल से कुछ दूर पर ग्लास, तंबाकू और जली हुई टी-शर्ट बरामद हुई है। पुलिस ने शक के आधार पर छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। इनमें से एक युवक पुलिस को गुमराह कर रहा है। वह कभी कहता है कि मृतक के साथ शराब पी थी, तो कभी कहता है कि उससे कोई परिचय नहीं है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। एसपी राजेश द्विवेदी के अनुसार, शव की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।



# साइबर-ठग ने दुकानदार का मोबाइल नंबर पोर्ट कर की धोखाधड़ी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार के इनामी साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरसी मिशन थाना क्षेत्र के बीज व्यापारी राम मोहन गुप्ता से धोखाधड़ी करने वाला यह अपराधी अलीगढ़ का रहने वाला है। आरोपी सुनील कुमार अपने एक साथी के साथ व्यापारी की दुकान पर पहुंचा। उसने चालाकी से व्यापारी का मोबाइल लेकर नंबर पोर्ट कराने के लिए 1900 पर मैसेज भेजा। तुरंत आए रिस्पांस का फोटो अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उझानी में जाकर व्यापारी का मोबाइल नंबर अपने नाम कराया और आधार से लिंक करवाया। फिर बरेली समेत विभिन्न स्थानों के जनसेवा केंद्रों से व्यापारी के खाते से 1.03 लाख रुपये निकाल लिया। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। फरार चल रहे सुनील पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे हरदोई चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# 7 दिन में ही बैकफुट पर ट्रम्प:90 दिनों के लिए टैरिफ रोका

## चीन पर बढ़ाकर 125% किया

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 75 से ज्यादा देशों पर जैसे को तैसा यानी कि रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह उनके फैसले के साथ ही लागू हो गया है। हालांकि, उन्होंने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104% से बढ़ाकर 125% कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84% टैरिफ के बाद की। चीन पर 125% टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डॉलर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डॉलर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी। ट्रम्प ने टुथ सोशल पर लिखा कि चीन ने ग्लोबल मार्केट के लिए सम्मान नहीं दिखाया है। इसी वजह से मैं उस टैरिफ बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि चीन जल्द यह समझेगा कि अमेरिका और दूसरे देशों को लूटने के दिन चले गए हैं। जो देश डील करेंगे, उनके लिए टैरिफ 10% रहेगा ट्रम्प ने कहा कि 75 से ज्यादा देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों को बुलाया है और इन देशों ने मेरे मजबूत सुझाव पर अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह से जवाबी कार्रवाई नहीं की है। इसलिए मैंने 90 दिन के विराम (पॉज) को स्वीकार किया है। टैरिफ पर इस रोक से नए व्यापार समझौतों पर बातचीत करने का समय मिलेगा। वहीं,



वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करने के इच्छुक देशों के लिए यह दर घटकर 10% हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कनाडा और मेक्सिको के कुछ सामानों पर 25% टैरिफ लगता था। अब उन्हें भी बेसलाइन टैरिफ में शामिल कर लिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि यूरोपीय यूनियन इस बेसलाइन टैरिफ में शामिल है या नहीं। मंदी, महंगाई का खतरा था, ट्रम्प के करीबी भी टैरिफ के खिलाफ थे 1. ट्रम्प टैरिफ के चलते अमेरिका समेत ग्लोबल मार्केट में 10 लाख करोड़ डॉलर की गिरावट आई थी। हालांकि, टैरिफ रोकने के फैसले के कुछ घंटों के अंदर ही अमेरिकी शेयर बाजार की वैल्यू 3.1 लाख करोड़ डॉलर बढ़ गई। ऐलान होते ही अमेरिकी शेयर बाजार में 10% तक तेजी टैरिफ रोकने के ऐलान से 4 घंटे पहले ही ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, ₹दिस इज ए ग्रेट टाइम टु बाय (यह खरीदी का बहुत अच्छा समय है)।₹ इसके बाद जैसे ही ट्रम्प ने रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने की घोषणा की, शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। डॉऊ जोंस 2,600 अंक (7.1%) से अधिक उछला। एस एंड पी 500 में 9.5% बढ़ोतरी हुई। नैस्डैक 1536 अंक या 10.3% बढ़ा। नैस्डेक में यह बढ़त 2008 की मंदी के बाद सबसे बड़ी है। वहीं, एपल, एनवीडिया, टेस्ला जैसी कंपनियों के शेयर में भी उछाल देखा गया। सबसे ज्यादा बढ़त 20.01% टेस्ला में हुई। बिटकॉइन में भी 6% बढ़त हुई। मालूम हो, एक दिन पहले ही टैरिफ वॉर से घबराए दुनियाभर के बाजार 4% तक गिर गए थे। चीन पर टैरिफ क्यों बढ़ाया अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प ने उन देशों को टैरिफ वापस लेकर प्रोत्साहित किया है, जिन्होंने बढ़ते ट्रेड वॉर के बीच अमेरिका के खिलाफ मोर्चा नहीं खोला। चूंकि चीन ने बुधवार को ही अमेरिका पर टैरिफ 34% से बढ़ाकर 84% करने की घोषणा की थी। इसलिए ट्रम्प ने चीन पर टैरिफ 104% से 125% कर दिया। एव ने भी 90 दिनों के लिए टैरिफ टाला यूरोपीय यूनियन (एव) के 26 देशों ने भी अमेरिकी सामानों पर 25% टैरिफ के फैसले को टाल दिया है। एव ने 9 अप्रैल को अमेरिका के सामानों पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। यह टैरिफ 15 अप्रैल से लागू होना था।

# डोमिनिकन गणराज्य नाइट क्लब हादसे में मरने वालों की संख्या 218 पहुंची

## 200 से ज्यादा लोग घायल

एजेंसी

सैंटो डोमिंगो के प्रसिद्ध जेट सेट नाइट क्लब में छत गिरने से कम से कम 218 लोगों की मौत हो गई और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए। डोमिनिकन रिपब्लिक के हाल के इतिहास में यह सबसे घातक आपदा है। यह हादसा मंगलवार को सुबह-सुबह एक जीवंत मेरेंग्यू कॉन्सर्ट के दौरान हुआ, जब छत से धूल गिरने लगी और फिर इमारत ढह गई। इससे पार्टी में शामिल लोग टनों मलबे के नीचे दब गए। प्यूर्टो रिको और इजराइल के आपातकालीन दल स्थानीय बचावकर्मियों के साथ मिलकर जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे थे। हालांकि, मंगलवार दोपहर से कोई भी जीवित नहीं मिला है।

**प्यूर्टो रिको और इजराइल के आपातकालीन दल स्थानीय बचावकर्मियों के साथ मिलकर जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे थे। हालांकि, मंगलवार दोपहर से कोई भी जीवित नहीं मिला है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक पैथोलॉजी ने बताया कि अब तक 54 पीड़ितों की पहचान हो चुकी है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं, जिससे चिंतित परिवार के सदस्यों की भावनात्मक अपीलें सामने आई हैं।**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक पैथोलॉजी ने बताया कि अब तक 54 पीड़ितों की पहचान हो चुकी है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं, जिससे चिंतित परिवार के सदस्यों की भावनात्मक अपीलें सामने आई हैं। पीड़ितों में मेरिंग्यू लीजेंड रूबी पेरेज,



पूर्व एमएलबी पिचर ऑक्टेवियो डोटेल और कार्डियोलॉजिस्ट लुइस सोलिस और सरकारी अधिकारी जैसे प्रमुख व्यक्ति शामिल थे। मृतकों में हाई-प्रोफाइल राजनीतिक हस्तियों के परिवार के सदस्य भी शामिल थे, जिनमें लोक निर्माण मंत्री के बेटे और बहू शामिल थे। अधिकारियों ने खोज जारी रखने की कसम खाई है, लेकिन अपडेट की कमी से निराश कई शोक संतप्त लोगों ने पहचान और पुनर्प्राप्ति प्रयासों की धीमी गति की आलोचना की है। हम रात होने तक इंतजार नहीं कर सकते। अस्पताल में भर्ती बचे हुए लोगों की हालत गंभीर है, कुछ लोग मलबे के नीचे घंटों तक फंसे रहने के कारण कई फ्रैक्चर से पीड़ित हैं। डोमिनिकन सरकार ने प्रभावित परिवारों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने की योजना की घोषणा की है, जिनमें से कई अभी भी अस्पतालों और मुर्दाघरों में प्रियजनों की तलाश कर रहे हैं।

ढहने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है, क्लब के सुरक्षा निरीक्षणों के बारे में सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय स्थल जेट सेट क्लब ने चल रही जांच में अधिकारियों के साथ पूर्ण सहयोग का वचन दिया है।

# रूस में देशद्रोह की सजा काट रही अमेरिकी महिला रिहा

## यूक्रेन को 50 डॉलर चंदा देने पर 12 साल सजा मिली थी

एजेंसी



अबु धावी, रूस ने देशद्रोह के आरोप में 12 साल की सजा काट रही रूसी-अमेरिकी नागरिक कसेनिया कैरिलिना को रिहा कर दिया है। कसेनिया पर यूक्रेन की मदद के लिए 50 डॉलर का चंदा देने का आरोप था। उन्हें पिछले साल रूस में गिरफ्तार कर सजा सुनाई गई थी। कसेनिया के बदले में अमेरिका ने जर्मन-रूसी नागरिक और कथित तस्कर आर्थर पेत्रोव को छोड़ा है, जो अमेरिका में सैन्य उपकरणों की तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आरोपों में बंद था। पेत्रोव पर अमेरिका में बनी माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स को रूस में तस्करी करने का आरोप है। इनका इस्तेमाल रूसी सेना के लिए हथियार बनाने में होता था। कसेनिया की रिहाई की पुष्टि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की और बताया कि वह अमेरिका के लिए रवाना हो चुकी हैं। यह कैदियों की अदला-बदली गुरुवार को अबू धाबी में हुई। इसकी पुष्टि संयुक्त अरब अमीरात (वअए) ने भी की है। कसेनिया को पिछले साल फरवरी में रूसी शहर येकातेरिनबर्ग से गिरफ्तार किया गया था। यह मॉस्को से 1600 किमी दूर पूर्व में स्थित है। यहां वह अपनी दादी से मिलने आई थी। शादी से पहले उसका नाम कसेनिया कैरिलिना था। उस पर पिछले साल ट्रायल चला था, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया। यूक्रेन से जुड़ी एक चैरिटी संस्था रजोम को 50 डॉलर (करीब 4200 रुपए) चंदा दिया था। महिला का नाम कसेनिया खवाना (33) है। उसके पास अमेरिकी नागरिकता है। कोर्ट में कसेनिया पर आरोप लगा कि उसने यूक्रेनी संगठन को पैसे दिए जो यूक्रेनी सेना को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में मदद करती है।

### फोन जब्त हुआ तो पकड़ में आई

कसेनिया के वकील के मुताबिक उन्होंने पैसे ट्रांसफर करने की गलती मानी थी, लेकिन उसे नहीं पता था कि ये संस्था यूक्रेनी सेना को पैसा भेजती है जिसका इस्तेमाल रूस के खिलाफ होता है। उसे कहा गया था कि इस फंड का इस्तेमाल रूस-यूक्रेन जंग के पीड़ितों को मदद पहुंचाने में होगा। कसेनिया पूर्व बैले डांसर है। उसने एक अमेरिकी नागरिक से शादी की और अमेरिका जाने के बाद 2021 में वहां की नागरिकता ले ली। कसेनिया जनवरी 2024 में रूस पहुंची थी। अमेरिका से आने की वजह से पुलिस ने उसका फोन जब्त कर लिया गया था। पुलिस को फोन में फंडिंग का सबूत मिला। वह अमेरिकी वापस लौटने वाली थी, लेकिन इससे पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाकर 12 साल की सजा सुनाई गई।

# बांग्लादेश की ऐसी दवाई, भारत ने मचाई तबाही

एजेंसी

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के जाने के बाद से ही उसके रिश्ते खराब होते जा रहे हैं। हाल ही में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को लैंड लाक्ड बताते हुए चीन को एक अहम प्रस्ताव दे दिया था। उनके इस बयान की खूब आलोचना हुई। अब बांग्लादेश को लेकर भारत ने बिना किसी शोर मचाए ऐसी दवाई की है, जिसका बांग्लादेश के पास कोई उपाय नहीं होगा। दरअसल, भारत ने बांग्लादेश को दी गई अहम ट्रांस शिपमेंट सुविधा को रद्द कर दिया है। इसके



तहत बांग्लादेश के एक्सपोर्ट कार्गो को भारतीय सीमा भूमि शुल्क स्टेशनों, एयरपोर्ट और पोर्ट के जरिए तीसरे देशों तक ले जाने की इजाजत मिली हुई थी। अब भारत की ओर से ये सुविधा रद्द की जा रही है। बैंकॉक में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधान सलाहकार मोहम्मद यूनुस और पीएम मोदी के बीच हालिया मुलाकात के बावजूद दोनों देशों के संबंधों में सहजता वापस नहीं आ रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भारत ने वांग्लादेश से बंदरगाहों और हवाई अड्डे के रास्ते किसी तीसरे देश को दी जाने वाली ट्रांसशिपमेंट सुविधा को हटा लिया है। ये सुविधा 8 अप्रैल से हटाई गई है। साल 2020 में दी गई थी, जिसके तहत बांग्लादेश को मिडिल ईस्ट, यूरोप और कई अन्य देशों में अपने निर्यात भेजने के लिए दिल्ली हवाई अड्डे समेत भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों का इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी, अब रोक लगा दी है। हालांकि, नेपाल और भूटान को इस फैसले से छूट दी गई है। उनके निर्यात पर असर नहीं होगा। भारत ने कहा, बीते कुछ समय से इस सुविधा की वजह से हमारे हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर अतिरिक्त जमाव हो रहा है। नतीजतन हमारे खुद के निर्यात को लॉजिस्टिक्स में देरी और ऊंची लागत की वजह से बैकलॉग का सामना करना पड़ रहा था। गौरतलब है कि मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में चीन की चार दिवसीय यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को लैंड लाक्ड बताया था और कहा था कि समुद्र तक उनके पास पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। बांग्लादेश को इस क्षेत्र का प्रमुख गेट वे भी करार दिया था। दक्षिण एशिया में ढाका को महासागर का एक मात्र संरक्षक बताते हुए मुख्य सलाहकार यूनुस ने चीन से अपनी आर्थिक मौजूदगी को बढ़ाने की अपील की थी।

# केदारघाटी में आफत की बारिश उफान पर गाड़ गदेरे, लोगों ने भाग कर बचाई जान, बादल फटने की भी सूचना



एजेंसी

रुद्रप्रयागः मौसम के करवट बदलते ही उत्तराखंड के कई इलाकों में जोरदार बारिश हो रही है. पहाड़ी जिलों में तो कई जगहों पर भारी बारिश के बाद जन-जीवन भी अस्त-व्यस्त हो रखा है. रुद्रप्रयाग जिले में भी बारिश ने जमकर कहर बरपाया है. भारी बारिश के कारण कुसुमगाड़-भीरी गदेरा भी उफान पर आ गया था, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल गया था. कई लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई है. वहीं मलबा आने से केदारनाथ हाईवे भी बांसबाड़ा में बंद हो गया.जानकारी के मुताबिक गुरुवार दस अप्रैल को दोपहर बाद रुद्रप्रयाग जिले के कई इलाकां में मूसलाधार

**चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले उत्तराखंड में आफत की बारिश ने दी दस्तक. कई जगहों पर हुआ लैंडस्लाइड**


बारिश हुई, जबकि कई जगहों पर ओले भी गिरे. मूसलाधार बारिश के कारण केदारनाथ हाईवे के बांसबाड़ा में पहाड़ी से भारी मलबा के साथ पत्थर भी गिर गए, जिस कारण हाईवे बंद हो गया.हाईवे के बंद होने से राजमार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया. लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. राजमार्ग को खोलने को लेकर एनएच विभाग के कर्मचारी मशीनों के साथ जुटे हुए हैं.

# छात्रा से इलाहाबाद हाईकोर्ट बोला-रेप के लिए तुम ही जिम्मेदार

## मुसीबत को खुद ही बुलाया था; दुष्कर्म के आरोपी को जमानत दी

**अदालत ने कहा कि यद्यपि उसकी मेडिकल जांच में उसकी योनिच्छद फटी हुई पाई गई, तथापि डॉक्टर ने यौन उत्पीड़न के संबंध में कोई निर्णायक राय नहीं दी। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि पीड़िता, एक स्नातकोत्तर छात्रा होने के नाते, अपने कार्यों की नैतिकता और महत्व को समझने के लिए पर्याप्त रूप से परिपक्व और सक्षम थी, जैसा कि उसने पुलिस के समक्ष अपने खुलासे में कहा है।**

एजेंसी



प्रतीकात्मक

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्नातकोत्तर छात्रा से बलात्कार के आरोपी व्यक्ति को यह कहते हुए जमानत दे दी है कि पीड़िता ने खुद ही मुसीबत को आमंत्रित किया और घटना के लिए जिम्मेदार है। दिल्ली में महिला से कथित बलात्कार के लिए दिसंबर 2024 में गिरफ्तार किए गए आरोपी ने कहा कि यह कृत्य सहमति से किया गया था। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस अदालत का मानना ??है कि अगर पीड़िता के आरोप को सच मान भी लिया जाए, तो भी यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उसने खुद ही मुसीबत को आमंत्रित किया और इसके लिए वह जिम्मेदार भी है। अदालत ने कहा कि यद्यपि उसकी मेडिकल जांच में उसकी योनिच्छद फटी हुई पाई गई, तथापि डॉक्टर ने यौन उत्पीड़न के संबंध में कोई निर्णायक राय नहीं दी। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि पीड़िता, एक स्नातकोत्तर छात्रा होने के नाते, ₹अपने कार्यों की नैतिकता और महत्व₹ को समझने के लिए पर्याप्त रूप से परिपक्व और सक्षम थी, जैसा कि उसने पुलिस के समक्ष अपने खुलासे में कहा है। मामला सितंबर 2024 का है, जब नोएडा स्थित एक विश्वविद्यालय की छात्रा तीन महिला मित्रों के साथ दिल्ली के हौज खास में एक बार में गई थी। वहां, कथित तौर पर उसकी मुलाकात आरोपी सहित कुछ पुरुष परिचितों से हुई।अपनी पुलिस शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि वह सुबह 3 बजे तक शराब पीने के बाद नशे में हो गई और आरोपी लगातार इस बात पर जोर देता रहा कि वह उसके साथ उसके घर जाए। शिकायत के अनुसार, उसके लगातार अनुरोध के कारण वह अंततः उसके साथ आराम करने के लिए उसके घर जाने को तैयार हो गईकोर्ट ने कहा कि मामले के तथ्य और हालात के साथ-साथ अपराध की प्रकृति, सबूत और दोनों वकीलों की तरफ से दी गई जानकारी पर विचार करने के बाद मेरा मानना है कि आवेदक को बेल दी जा सकती है। ऐसे में जमानत के आवेदन को स्वीकार किया जाता है।आवेदक के वकील ने कोर्ट को बताया है कि जांच से भागने या साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ करने की कोई संभावना नहीं है। आवेदक 11 दिसंबर 2024 से जेल में बंद है। उसका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है और यदि उसे जमानत पर रिहा किया जाता है तो वह जमानत की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करेगा। इसलिए कोर्ट उसकी जमानत याचिका को मंजूर करता है।

# बंगाल में नए वक्फ कानून पर हिंसा, 22 गिरफ्तार

**देशभर में पर्सनल लॉ बोर्ड का प्रदर्शन; सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को सुनवाई**

एजेंसी

कोलकाता, वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक , आनंद रॉय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी।बेंच में उखक संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और केवी



विश्वनाथन शामिल होंगे। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आज से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रहा है।भोपाल में आज वक्फ कानून के विरोध में प्रदर्शन होगावक्फ बिल के विरोध में गुरुवार को भोपाल में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड प्रदर्शन करेगा।

दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड पर यह प्रदर्शन होगा। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग जुटेंगे।यह धरना सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड पर होगा। मेम्बर आमला, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और विधायक आरिफ मसूद ने बताया कि भोपाल में 2 घंटे का प्रदर्शन होगा। इसमें कोई झंडा, बैनर लगाने की मनाही है। न ही कोई रैली निकाली जाएगी।

# सपा बहुत फुदक रही, लेकिन अखिलेश तैयार रहें:केशव प्रसाद

एजेंसी

कानपुर , समाजवादी पार्टी के गुंडो की कारगुजारियों और उनके द्वारा कब्जा की गई जमीनों की लिस्ट भाजपा सरकार द्वारा हर जिले में जारी की जाएगी। सपा आजकल फुदकने की कोशिश कर रही है लेकिन अखिलेश यादव तैयार रहें, समाजवादी पार्टी के लोगों ने जमीन, मकान, दुकान जहां भी कब्जा किए हैं, उन सब की सूची भाजपा जारी करेगी ।यह कहना है उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का वह भाजपा की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने कानपुर पहुंचे थे ।उन्होंने कहा कि आज समाज का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के बल पर है।


**मध्य रेल**
सोलापूर मंडल
ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापूर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये ई-निविदाये आमंत्रित करते है।

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना रक्कम | समापन की अवधी | रखरखाव अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 08-2025-SrDENC | Phased Array Ultrasonic Testing (PAUT) of FB welded joints Executed by mobile FB plants at site using RDSO verified PAUT weld tester under ADEN/PVR & ADEN/LUR sub division for the period of one year. | Rs. 4,48,05,992.40 | Rs. 3,74,000.00 | 12 Months | NIL |

| | |
|---|---|
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय | 08.05.2025 को 15:00 बजे तक |
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय | 08.05.2025 को 15:30 बजे |

निविदाकारोंसे निवेदन है की कोई बदलाव/शुध्दिपत्र (यदि हो) के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),
मध्य रेल, सोलापूर

SUN 67 अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**मध्य रेल**
सोलापूर मंडल
ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापूर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये ई-निविदाये आमंत्रित करते है।

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना रक्कम | समापन की अवधी | रखरखाव अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 07-2025-SrDENC | Rendering of services for working with USFD open line team under SSE/P.Way/USFD/SUR for a period of Two Years | Rs. 4,16,83,931.50 | Rs. 3,58,400.00 | 24 Months | NIL |

| | |
|---|---|
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय | 05.05.2025 को 15:00 बजे तक |
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय | 05.05.2025 को 15:30 बजे |

निविदाकारोंसे निवेदन है की कोई बदलाव/शुध्दिपत्र (यदि हो) के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),
मध्य रेल, सोलापूर

SUN 66 अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## संक्षेप

### दीपक से झोपड़ी में लगी आग

**घर में रखा गृहस्थी का सामान जला, 8 मवेशियों की मौत**

बांदा, पैलानी थाना क्षेत्र में एक घर में दीपक से उठी चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया। दीपक से निकली चिंगारी धीरे-धीरे बड़ी आग में बदल गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पूरा घर इसकी चपेट में आ गया। वहीं घर में बंधी 8 बकरियां भी आग की चपेट में आ गईं। जिससे उनकी मौत हो गई। घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान भी जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस घटना से परिवार को भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई कर रहा है।

### तमंचा दिखाते वक्त चली गोली

**एक युवक की उंगली और दूसरे की जांघ में लगी गोली, आरोपी गिरफ्तार**

बांदा, मर्दननाका अवस्थी ढाल के नीचे हुई गोलीकांड की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि सुशील सोनी के कमरे में तमंचा दिखाते समय गोली चल गई थी। इस घटना में सुशील और उसका दोस्त नईम घायल हुए। सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह के अनुसार, मढ़ियानाका निवासी सुशील सोनी फूटा कुआं निम्मी नाला के पास किराए के कमरे में रहता है। मंगलवार को अलीगंज हाथीखाना निवासी नईम उससे मिलने आया था। नईम ने सुशील को 315 बोर का तमंचा और कारतूस देकर चलाने को कहा। इसी दौरान अचानक गोली चल गई। गोली सुशील के हाथ की उंगली और नईम की जांघ में लगी। घटना के बाद सुशील ने तमंचे को बाथरूम में छिपा दिया। पुलिस ने पूछताछ में सच्चाई जानने के बाद तमंचा और खोखा बरामद कर लिया। कोतवाली में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सुशील को अवैध शस्त्र रखने के आरोप में बुधवार को जेल भेज दिया है। वहीं नईम का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### होमवर्क न करने पर ट्यूशन टीचर की क्रूरता

**बांदा में छात्र को थर्ड डिग्री टॉर्चर, पूरे शरीर पर चोट के निशान**

बांदा, क्योटरा चौराहे पर एक ट्यूशन टीचर द्वारा छात्र के साथ की गई क्रूरता का मामला सामने आया है। शिक्षक अंशू, जो पहले एक स्कूल में पढ़ाता था और 8 दिन पहले ही नौकरी से निकाला गया था, छात्र को उसके घर जाकर ट्यूशन पढ़ाता था। होमवर्क पूरा न करने से नाराज शिक्षक ने बच्चे को थर्ड डिग्री टॉर्चर दिया। इस दौरान बच्चे के शरीर पर कई चोट के निशान बन गए। जब माता-पिता ने बच्चे के शरीर पर चोट के निशान देखे, तो वे तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग करते हुए जेल चौकी में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सपाइयों ने फूंका दिल्ली सीएम का पुतला ,की जमकरनारेबाजी

## मुर्दाबाद के लगाए नारे , अखिलेश यादव पर दिए बयान से नाराज थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, समाजवादी पार्टी महिला सभा (गंगापार) की कार्यकताओं ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का पुतला जलाया। जमकर नारेबाजी की। हाथों में सीएम का पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सपा महिला सभा गंगापार की जिलाध्यक्ष प्रतिमा रावत की अगुवाई में महिला कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर दिल्ली की सीएम द्वारा किए गए अपजानजनक टिप्पणी के विरोध में महिलाएं आक्रोशित हैं। जिलाध्यक्ष प्रतिमा रावत ने कहा, इसके लिए दिल्ली की सीएम को





माफी मांगनी चाहिए, यह भूल नहीं बल्कि जानबूझकर इस तरह का शब्दों का प्रयोग करके सपा प्रमुख को अपमानित करने का प्रयास किया गया। दरअसल, पिछले दिनों एक इंटरव्यू में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर को टोटी चोर का संबोधित किया था। इसके बाद प्रदेश भर के सपाईयों में आक्रोश है। प्रतिमा रावत ने कहा, समाजवादी पार्टी देश की तीसरी बड़ी राजनैतिक पार्टी है। इस पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के लिए अपमानजनक बात बर्दाश्त नहीं होगा। इस मौके पर संध्या कोरी, प्रीति सेन, सरिता मौर्या, ज्योति श्रीवास्तव, सावित्री देवी, कविता शीला, मुकेश रावत, काजू गुप्ता, सुनील,एडवोकेट, राम सागर चौधरी, उमेश यादव, शुभम, सनी आदि रहे।

# भाजपा नेता के घर के बाहर बमबाजी

## बाइक से आए थे हमलावर, धमाके से कार का शीशा टूटा, वारदात सीसीटीवी में कैद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, बीजेपी नेता के घर के बाहर बमबाजी हुई। बाइक सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ बम चलाए। जिसमें से एक बम दीवार से टकराकर फट गया और एक बम घर के बाहर खड़ी कार पर गिरा। जिससे कार का शीशा टूट गया। घटना के वक्त परिवार के सदस्य अंदर मौजूद थे। हालांकि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। पुलिस को इस घटना की जानकारी दी गई है। विजय बिंद भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पिछडा वर्ग मोर्चा के गंगा पार के जिला मीडिया प्रभारी है। शहर के सराय इनायत थाना क्षेत्र के सरस्वतीपुर गांव में जीटी रोड के बगल हाबूसा मोड के उनका पास उसका घर है। उसने बताया- 9 अप्रैल को बुधवार रात 9:45 बजे वह घर के बाहर टीन शेड के बरामदे में परिजनों के साथ बैठे थे। जहां अचानक आए बाइक सवार दो युवकों ने ताबड़तोड़ बम फोड़ने लगे। एक बम दीवार से टकराया एक कार पर गिरा बीजेपी नेता के मुताबिक हमलावरों ने ताबड़तोड़ दो बम फेकें। एक बम दीवार से टकराया और दूसरा बम उनकी ब्रेजा कार में लगा। बम से कार का पिछला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है और कार के पीछे का शीशा भी टूट गया है। हालांकि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि बम फेंककर हमलावर हनुमानगंज की ओर फरार हो गए। विजय बिंद का आरोप है कि हमले के पीछे संपतीपुर (थाना सरायइनायत) निवासी चिंतामणि बिंद और पुनराम बिंद का हाथ है। वह पहले से ही जमीन विवाद को लेकर जबरन पैसे देने का दबाव बना रहा था।

दबाव में आकर उसने पहले 5000 रुपये दिए, लेकिन इसके बाद लगातार और पैसे मांगे जाने लगे। जब उसने इनकार किया तो चिंतामणि बिंद ने अपने रिश्तेदार अनिल बिंद (निवासी नरमणदास मुहुरा, थाना सदसी) से फोन कराकर उसे फोन पर गालियां दिलवाईं। 50,000 रुपये की रंगदारी मांगी गई।

# जमीनी विवाद में युवक की हत्या

**❍ लाठी-डंडों से किया हमला, पिता-पुत्र समेत चार आरोपी गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जायस थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में हुई एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से घटना में इस्तेमाल की गई तीन लाठियां भी बरामद की गई हैं। घटना जायस थाना क्षेत्र के तामामऊ गांव की है।तीन दिन पहले कुछ लोगों ने सुनील कुमार और उनके पिता पर घर के बाहर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल पिता-पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सुनील की मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हरिश्चंद्र और उनके तीन पुत्रों - विजय कुमार, अजय कुमार और सचिन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एक साल पहले सुनील ने उन्हें मारा था और उनके परिवार को गाली-गलौज देता था। इसका बदला लेने के लिए वे मौके की तलाश में थे। 7 अप्रैल को जब सुनील बाहर से घर लौट रहा था, तब उन्होंने उसे घेरकर पीटा। बचाने आए उसके पिता पर भी हमला किया। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।



# सरकारी स्कूलों के कार्यक्रमों से एसडीएम ने बनाई दूरी

## प्राइवेट स्कूल के वार्षिकोत्सव में पहुंचीं गामिनी सिंगला, जागरूकता रैली में नहीं दिखीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, बल्दीराय तहसील की एसडीएम गामिनी सिंगला विवादों में घिर गई हैं। उन पर सरकारी स्कूलों के कार्यक्रमों की अनदेखी करने का आरोप लगा है। पिछले एक सप्ताह में तहसील क्षेत्र के कई सरकारी प्राइमरी स्कूलों में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में एसडीएम की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर निकाली गई जागरूकता रैली में भी वे नहीं पहुंचीं। इसके विपरीत बुधवार को डोभियारा स्थित एक निजी स्कूल के 9वें वार्षिकोत्सव में एसडीएम गामिनी सिंगला ने न केवल शिरकत की, बल्कि कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया।



कार्यक्रम में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह और भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। मिल्कीपुर विधायक चंद्रभान पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। एसडीएम के इस रवैये से सरकार की मंशा के विपरीत प्राइवेट शिक्षा को बढ़ावा देने की उनकी प्राथमिकता स्पष्ट होती है। इस संबंध में जब एसडीएम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अर्टिगा कार पलटी

**❍ दाह संस्कार में जा रहे 11 लोग घायल, 3 की हालत गंभीर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, दोस्तपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। लोकनाथपुर थाना क्षेत्र के 168.5 किलोमीटर स्टोन पर यह घटना हुई है। गोरखपुर जिले के गोला थाना क्षेत्र से एक परिवार अर्टिगा कार से अमेठी में दाह संस्कार में जा रहा था। इस दौरान चालक शमशेर आलम ने कार का संतुलन खो दिया और गाड़ी तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में मैनुद्दीन (35), जमीला (45) और आफताब आलम (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा कर्मचारियों ने एंबुलेंस से सभी घायलों को दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जिला अस्पताल किया रेफर डॉक्टर आज्ञाराम यादव ने तीनों



गंभीर घायलों को अंबेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कार में सवार अन्य लोगों में अर्सलाम (5 वर्ष), अरमान (9 वर्ष), अलमास (11 वर्ष), एहतशाम (10 वर्ष), रजिया (40 वर्ष), बदरे आलम (40 वर्ष) और सलेहा (32 वर्ष) को भी चोटें आईं। इन सभी को भी बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

# जमीन हड़पने के मामले में कांग्रेस नेता समेत 8 गिरफ्तार

## फर्जी दस्तावेजों से रिटायर्ड फौजी से धोखाधड़ी, मुख्य आरोपी पर 17 केस दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, फर्जी दस्तावेजों के जरिए रिटायर्ड फौजी की जमीन हड़पने के मामले में पुलिस ने कांग्रेस नेता समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। मोहनगंज थाना क्षेत्र के गड़ेहरी गांव के रिटायर्ड फौजी हरपाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गौरीगंज के कांग्रेस नेता अरुण मिश्रा ने फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के सहारे उनकी बेशकीमती जमीन अपने नाम करवा ली। पुलिस ने 7 अप्रैल को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में कई अन्य लोगों की भी संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने मुख्य आरोपी अरुण मिश्रा के साथ दिलीप कुमार




सिंह, अनिल, दिनेश कुमार पासी, वेद नारायण पांडे, अश्वनी तिवारी, सुरेश कुमार मौर्य और रुचि सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपियों से एक लैपटॉप और सफारी गाड़ी बरामद हुई है। मुख्य आरोपी अरुण मिश्रा गौरीगंज थाना क्षेत्र के पूरे गंगाधर मजरे टिकरिया गांव का रहने वाला है। वह 2023 के नगर निकाय चुनाव में गौरीगंज नगर पालिका से कांग्रेस का प्रत्याशी था। अरुण मिश्रा पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# जूस विक्रेता के आईटी नोटिस की जांच शुरू

## अलीगढ़ में आयकर विभाग ने दिया था 7 .79 करोड़ का नोटिस, शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, जूस विक्रेता को मिले आयकर विभाग के 7.79 करोड़ रुपए के नोटिस के मामले में अब शासन स्तर से जांच शुरू कर दी गई है। राज्यकर विभाग की ओर से मामले का संज्ञान लिया गया है और प्रमुख सचिव के निर्देश के बाद टीम अलीगढ़ पहुंची। जूस विक्रेता मोहम्मद रईस के नाम से पंजाब में फर्म बनाकर करोड़ों के टर्नओवर का मामला सामने आया था। जिसके बाद आयकर विभाग ने रईस को नोटस दिया था। आयकर विभाग का नोटिस मिलने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया था और फिर पीड़ित ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया था। अब मामले की जांच चल रही है। जूस



विक्रेता रईस के पैनकार्ड पर पंजाब के पटियाला में फर्म बनाकर टर्नओवर किया गया था। इसमें स्क्रैप, आयरन, स्टील जैसे काम दिखाए गए थे। लेकिन जांच में सामने आया है कि इसी पैनकार्ड पर अलीगढ़ में भी एक फर्म पंजीकृत है। अलीगढ़ की फर्म खान ट्रेडर्स के नाम से पंजीकृत है। जिसके बाद विभाग इस मामले की जांच में जुटा है। बुधवार को मामले की जांच के लिए अधिकारी रईस के पास पहुंचे और उससे दस्तावेज मांगे। लेकिन रईस ने उन्हें दस्तावेज देने और बात करने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही थाने से उन्हें सारी जानकारी लेने की बात कह दी। बात में लोगों की मदद से टीम ने रईस से बातचीत की। राज्यकर विभाग की ओर से सीटीओ को जांच के लिए भेजा गया था। अब अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि रईस के पैनकार्ड पर आखिर किस व्यक्ति ने फर्म पंजीकृत कराई थी। फर्म पंजीकृत कराने वाले व्यक्ति का पता लगने के बाद ही सारे मामले का खुलासा जो सकेगा।

अधिकारियों से बातचीत होने के बाद रईस ने उन्हें मामले से जुड़े दस्तावेज भी उपलब्ध करा दिए हैं। जिसके बाद अधिकारियों की टीम मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है। जिससे कि जल्द से जल्द आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

# पुलिस पर हमला करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा गया, साथी पहले ही जेल में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में पुलिस पर हमला करने वाले वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई। गोसाईगंज थाना पुलिस ने अंकित मिश्रा को एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा। अंकित मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के नानेमऊ गांव का रहने वाला है। वह मुकदमा संख्या 145/2025 धारा 109 बीएनएस में वांछित था।




पूछताछ में अंकित ने बताया कि 5 अप्रैल को वह अपने साथी मान सिंह उर्फ मानू के साथ गंगा लॉ डिग्री कॉलेज के पास से अंगनाकोल रोड की तरफ जा रहा था। बगिया के पास पुलिस ने उन्हें रोका। उस वक्त भी उसके पास अवैध तमंचा था। मान सिंह तो पकड़ा गया, लेकिन अंकित मोटरसाइकिल लेकर भाग निकला। पुलिस ने अंकित के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रिंग रोड निर्माण में नया विवाद

## अमेठी में अवैध खनन का आरोप, खनन विभाग ने कहा- सभी अनुमतियां हैं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, निमार्णाधीन रिंग रोड पर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नुवावा के समदा ताल में चल रही मिट्टी खुदाई को लेकर ग्राम प्रधान ने अवैध खनन का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान संजय मिश्रा का कहना है कि खनन कार्य में लगे लोगों के पास कोई लिखित अनुमति नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि डंफर और टिप्पर से रातों-रात मिट्टी बाहर भेजी जा रही है। साथ ही उन पर गांव सभा के लोग झूठा आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने मिट्टी बेची है। खनन अधिकारी दुष्यंत सिंह ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण संस्था को 2 मीटर तक मिट्टी खनन की विधिवत अनुमति मिली हुई है। वायरल हो रहे खुदाई का वीडियो पुराना है। इसे वर्तमान स्थिति से जोड़कर भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। बोले- मानकों के अनुसार हो रहे काम तहसील प्रशासन ने क्षेत्र का परिसीमन कर दिया है।

# काशी-अयोध्या की तर्ज पर मथुरा के विकास की मांग

## विजन डॉक्यूमेंट 2047 की मीटिंग हुई, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद में अधिकारियों ने किया मंथन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, बाबा विश्वनाथ की नगरी बनारस और भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या की तर्ज पर अब योगिराज भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीला भूमि (ब्रज) के विकास पर काम होने जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्लान मांगा है। इसी प्लान के तहत विजन डॉक्यूमेंट- 2047 तैयार करने के लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक



में उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री जी चाहते हैं मथुरा-वृंदावन के साथ सम्पूर्ण ब्रज का विकास तीर्थ स्थल के रूप में किया जाए। इस पर तेजी से काम करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री की इच्छा प्रयागराज, अयोध्या, काशी की तर्ज पर ब्रज का विकास करने की है। इस दौरान ब्रज तीर्थ विकास परिषद के प्रस्तावित विभिन्न प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन किया गया। इसका केंद्र बिंदु वृंदावन में बाँके बिहारी कॉरिडोर को मानते हुए विकास की योजनाओं पर चर्चा हुई। मीटिंग में वर्तमान में मौजूद प्रमुख मार्ग और उनसे जुड़ने वाले सम्पर्क मार्गों पर भी चर्चा की गई। इसमें ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग भी शामिल रहा। सिंचाई विभाग द्वारा वृंदावन में बनने वाले रिवर फ्रंट और घाटों के विकास की योजना से अवगत कराया। बैठक में शामिल हुए यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एसीईओ नगेंद्र प्रताप ने पूर्व में बनाए जा चुके

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित ।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।